

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, शनिवार 25 अक्टूबर 2025 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-4 ■ वर्ष -41 ■ अंक-205 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 26 अक्टूबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

## सतारा डॉक्टर सुसाइड केस: मकान मालिक का बेटा गिरफ्तार

### 4 पेज के सुसाइड नोट में सांसद और उनके 2 पीए के भी नाम, मामले में महिला आयोग भी हुई एंट्री

**मुंबई,25 अक्टूबर।** सतारा में महिला डॉक्टर सुसाइड केस में पुलिस ने पहली गिरफ्तारी की है। पुलिस ने डॉक्टर के मकान मालिक के बेटे प्रशांत को हिरासत में लिया है। महिला डॉक्टर संपदा मुंडे ने आत्महत्या करने से पहले लिखे सुसाइड नोट में प्रशांत बांकर पर मानसिक-शारीरिक प्रताड़ना और सब इंस्पेक्टर गणेश बडने पर बलात्कार का आरोप लगाया था। सब इंस्पेक्टर गणेश बडने अभी फरार है। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने सतारा के एसपी को आरोपी सब-इंस्पेक्टर को सस्पेंड करने के आदेश दिए हैं। सतारा के फलटण स्थित उपजिला अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर ने 23 अक्टूबर को सुसाइड किया था। उसने अपने हाथ पर लिखे नोट में सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रशांत बांकर पर मेंटली हेरैस करने का आरोप लगाया है। हथेली पर सब-इंस्पेक्टर गोपाल बदने का नाम भी लिखा था। आरोप है कि बदने ने पिछले 5 महीने में 4 बार डॉक्टर का रेप किया। बदने भी आरोपियों के फर्जी फिटनेस सर्टिफिकेट बनाने का दबाव बना रहा था।



डॉक्टर के 4 पेज के सुसाइड नोट में सांसद और उनके 2 पीए के भी नाम भी अंकित है। डॉक्टर ने सुसाइड नोट में लिखा है कि सांसद के दो पर्सनल असिस्टेंट अस्पताल आए थे। दोनों ने उस पर अन्य केस से जुड़े आरोपियों के फर्जी फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करने का दबाव बनाया। जो आरोपी अस्पताल नहीं आए उनके भी फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करने का बोलते थे। मैंने ऐसा करने से मना किया तो मेरी सांसद से फोन पर बात कराई थी। उसने अपने हाथ में कुछ नाम लिखे हैं और उन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। डॉक्टर ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत दी थी कि मेरे साथ अन्याय हो रहा है, अगर ऐसा चलता रहा तो मैं आत्महत्या कर लूंगी। दुर्भाग्यवश, बीती रात उन्होंने यह कदम उठा लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हथेली पर लिखे सुसाइड नोट में मृतका डॉक्टर ने बलात्कार का आरोप लगाया है। सुसाइड नोट में डॉक्टर ने लिखा, पीएसआई गोपाल बदने ने 4 बार रेप किया। मेरे मरने का कारण पुलिस निरीक्षक गोपाल बदने हैं। चार बार उसने मेरा बलात्कार किया। 5 महीने से अधिक (समय तक) बलात्कार और उत्पीड़न किया था। एसआई को मुख्यमंत्री के आदेश के बाद निलंबित कर दिया गया है। मृत डॉक्टर का चार पेज का एक और पत्र सामने आया है। इसमें एक सांसद और उनके निजी सचिव का उल्लेख है, लेकिन नाम नहीं लिखा है।

## पैरावट के ढेर में मिली युवती की जली हुई लाश

**बलौदाबाजार,25 अक्टूबर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम चरौटी में युवती की जली हुई लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई. गांव के बाहर बने ब्यारे में रखे पैरावट के अंदर शव बरामद किया गया. सूचना के बाद कोतवाली पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है. मृतिका की पहचान चरौटी निवासी तेजस्विनी पटेल (26 साल) के रूप में हुई है. जानकारी के मुताबिक, तेजस्विनी पटेल अपने पिता के साथ घर में रहती थी और मजदूरी करने बलौदाबाजार जाया करती थी. शुक्रवार की रात उसने अपने पिता के साथ खाना खाया था. इसके बाद शनिवार सुबह जब पिता ने देखा कि घर का दरवाजा बाहर से बंद है, तो उन्हें अनहोनी की आशंका हुई. पड़ोसियों की मदद से दरवाजा खुलवाया गया. इसी बीच गांव में जली हुई लाश मिलने की सूचना पर जब वे मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि वह लाश उनकी बेटी तेजस्विनी की ही है. ग्राम चरौटी में पैरावट के अंदर युवती की जली हुई लाश मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची. मृतिका के पिता ने शव की शिनाख्ती की है. घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी सहित पुलिस टीम ग्राम चरौटी पहुंचे. वहीं फोरेंसिक टीम भी मौके पर मौजूद है. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवती के हाथ बंधे हुए थे और शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि उसकी हत्या कर शव को जलाने की कोशिश की गई है.



## अलीगढ़ में 5 मंदिरों पर लिखा आई लव मोहम्मद, तनाव; एक्शन पर अड़ी करणी सेना

**अलीगढ़,25 अक्टूबर।** यूपी में आई लव मोहम्मद को लेकर पनपी चिंगारी शनिवार को फिर से अलीगढ़ में सुलग उठी। यहां लोधा क्षेत्र के दो गांवों में पांच मंदिरों में किसी ने आई लव मोहम्मद लिख दिया। इसके विरोध में करणी सेना और हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर दिया। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। जैसे तैसे पुलिस ने इनको समझाकर शांत किया। इसके बाद लिखे गए शब्दों को मिटवाया गया। फिलहाल लोग थाने में जुटे हुए हैं। मामले में कुछ लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी जा रही है। लोधा क्षेत्र के गांव बुलाकगढ़ी में दो, जबकि गांव भगवानपुर में दो मंदिरों में अराजतत्वों द्वारा आई लव मोहम्मद लिखा गया था। शनिवार सुबह ग्रामीणों की इस पर नजर पड़ी तो आक्रोश पनप गया। गांव के ही करणी सेना के एक कार्यकर्ता सचिन मौके पर पहुंचे। उन्होंने अन्य पदाधिकारियों को सूचना दे दी। पुलिस लिखे हुए शब्दों को मिटाने लगी तो सचिन ने विरोध कर दिया। इस पर पुलिस उसे गाड़ी में बिठाकर थाने ले गई। इससे लोगों का गुस्सा और भड़क उठा। तब तक करणी सेना के वरिष्ठ पदाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह चौहान व अन्य लोग आ गए और हंगामा कर दिया। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। सूचना पर सीओ गभाना संजीव कुमार तोमर दो थानों के पुलिस बल के साथ पहुंचे। इसके बाद हंगामा को शांत किया गया। बाद में कार्यकर्ता थाने में जुट गए। यहां तहरीर दी जा रही थी। सीओ गभाना संजीव कुमार तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। आरोपियों की तलाश में दो टीमें लगा दी गई हैं।

**दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का दिया आश्वासन**-पुलिस ने दावा किया है समाजिक शांति और सौहार्द को बिगाड़ने की इस साजिश का जल्द से जल्द पर्दाफाश किया जाएगा। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच कर दोषियों का पता लगाया जा रहा है। पकड़ में आने के बाद उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## महिला भिखारी ने कूड़े के ढेर में छिपाए थे रुपये, गिनते-गिनते लोगों के छूटे पसीने

**मंगलौर,25 अक्टूबर।** कर्नाटक के मंगलौर में उस समय लोग दंग रह गए, जब एक महिला भिखारी के पास से लाखों रुपए की रकम बरामद हुई. महिला ने पैसे कूड़े में छिपाये हुए थे. फिलहाल पैसे और महिला की जानकारी पुलिस को दे दी गई है. पुलिस ने महिला को सुरक्षित स्थान पर भेजने का आश्वासन दिया है. जानकारी के अनुसार मंगलौर के मोहल्ला पठानपुरा से एक दिव्यांग महिला भिखारी जो कि दिमागी रूप से भी कमजोर बताई गई है. वह लगभग 13 वर्षों से एक मकान के बाहर रहती थी. बीते रोज मोहल्ले के लोगों ने उसे वहां से हटाने का प्रयास किया तो कूड़ेदान के पास रखे कुछ कट्टे उसने अपने पास छिपा लिए. साथ ही सुबह से शाम तक महिला उन कट्टों को अपने पास चिपका कर बैठी रही.



**शक होने पर ली गई तलाशी तो मिले लाखों रुपये**-लोगों को शक हुआ तो उन्होंने उसकी तलाशी ली तो उसके झोले से काफी रकम बरामद हुई. जिसमें काफी संख्या में नोट और सिक्के मिले. जिसके बाद लोगों ने पैसों की गिनती शुरू की तो पैसे खत्म होने का नाम नहीं ले रहे थे. बरामद हुई राशि एक लाख से ऊपर की बताई गई है. इसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दे दी. हालांकि पुलिस का कहना है कि जल्द ही महिला को सुरक्षित स्थान पर भेजा जाएगा और इसके पास से बरामद रुपयों को किसी जरूरतमंद को दे दिया जाएगा.

## आत्मसमर्पित नक्सलियों का स्वागत लेकिन नहीं रुकेंगे एंटी नक्सल ऑपरेशन: विजय शर्मा

**जगदलपुर,25 अक्टूबर।** बस्तर संभाग प्रवास के दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नक्सलवाद को लेकर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि आत्मसमर्पित नक्सलियों का सरकार लाल कालिन पर मुख्यधारा में स्वागत कर रही है. लेकिन जो नक्सली नहीं आएंगे, उनके खिलाफ आर्म्ड फोर्सेज कार्रवाई करेंगे. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि एक मिनट के लिए भी किसी को भी विश्राम करने का समय नहीं है. नक्सलियों के खिलाफ फिर से ऑपरेशन लॉन्च किए जाएंगे. जवानों के भुजाओं की ताकत के आधार पर ही निर्णय हो रहा है. बता दें कि उप मुख्यमंत्री शर्मा बीजापुर और सुकमा के दौरे पर पहुंचे थे. जहां उन्होंने आत्म समर्पण करने वाले माओवादियों से मुलाकात की. साथ ही शासन द्वारा किए जा रहे पुनर्वास करने वाले माओवादियों के लिए रोजगारमुखी कार्यों को भी देखा. इस दौरान जगदलपुर में मीडिया से चर्चा करते हुए उप मुख्यमंत्री ने उक्त बयान दिया.



## नायब तहसीलदार की तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, 2 गंभीर रूप से घायल

**गरियाबंद,25 अक्टूबर।** गरियाबंद जिले में नायब तहसीलदार दोनोश साहू की तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी. बाइक सवार 2 युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई. जानकारी के मुताबिक, यह हादसा छुरा थाना क्षेत्र के सारागंव पापराही के पास हुआ है. सामने की ओर से तेज रफ्तार कार (CG 02 AU 0138) की चपेट में बाइक आ गई, जिससे दो लोग घायल हुए हैं. घटना के दौरान बोलेरो में नायब तहसीलदार दोनोश साहू मौजूद थे. गनीमत रही कि वह सुरक्षित हैं. हादसे की सूचना के बाद छुरा पुलिस मौके पर पहुंची. जिसके बाद दोनों घायलों को अस्पताल भेज दिया गया. फिलहाल उनका




## दो युवकों की पुलिस मुखबिरी के शक में हत्या

बीजापुर. बस्तर अंचल में नक्सलियों की हिंसक गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं. बीजापुर जिले से नक्सलियों की कायराना हरकत सामने आई है. उसूर ब्लॉक के नेल्ला कांकेर गांव में पुलिस मुखबिरी के आरोप में दो युवकों की हत्या कर दी गई है. मौके पर टीम रवाना की गई है. जानकारी के मुताबिक, मृतकों की पहचान रवि कट्टम और रवि सोढ़ी के रूप में हुई है, दोनों ही इसी ग्राम के निवासी बताए जा रहे हैं. एडिशनल एसपी चंद्रकांत गवर्ना ने घटना को लेकर जानकारी दी कि पुलिस बल मौके के लिए रवाना हुआ. मामले में पुलिस के द्वारा तस्दीक की जा रही है.

## सोचा भी नहीं था कि पीएम मोदी कभी हमारे घर आएंगे

**पटना,25 अक्टूबर।** बिहार विधानसभा चुनाव के बीच शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर्पूरीग्राम पहुंचने पर जननायक कर्पूरी ठाकुर के परिवार ने खुशी और गर्व जताया। केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर की बेटी व कर्पूरी ठाकुर की पोती अमृता ने कहा कि मुझे बहुत खुशी हुई कि पीएम मोदी कर्पूरीग्राम आए। मैंने कभी नहीं सोचा था कि कोई प्रधानमंत्री कर्पूरीग्राम आ सकते हैं। उनके आने से मैं भावुक हो गई हूं। अमृता ने कहा कि पीएम मोदी मेरे दादाजी की जन्मस्थली पर आए, मुझे और मेरे परिवार को यह बहुत अच्छा लगा। यह मेरी सोच से परे है। उन्होंने बातचीत में कहा कि पीएम मोदी ने मुझसे बात की और मेरे काम और शिक्षा के बारे में पूछा।



यह मेरे लिए गर्व की बात है कि वे पीएम होकर यहां आए और हम लोगों से बातचीत की। केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर की पोती मनस्वी चंद्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बहुत आशीर्वाद दिया और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मुझे बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बिहार और समस्तीपुर के विकास पर बात की। मनस्वी ने बताया कि वे डॉक्टर बनना चाहती हैं और राजनीति में आकर अपने परिवार की विरासत को आगे ले जाना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि मेरे नानाजी जी ने बिहार और देश के लिए बहुत काम किया। पीएम मोदी का व्यक्तित्व बहुत ही प्रेरणादायक है। वे भारत के लिए बहुत सोचते हैं और एक-एक चीज को गहराई से देखते हैं। उन्होंने युवाओं और राजनीति पर मेरी राय भी पूछी। मनस्वी ने बताया कि पीएम मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनके सुरक्षाकर्मियों ने कर्पूरी ठाकुर की मूर्ति पर माल्यार्पण से पहले जूते उतारे। यह दर्शाता है कि वे जमीन से जुड़े नेता हैं। मुझे गर्व है कि मैं उस परिवार का हिस्सा हूं, जिसके सदस्य भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर थे। हमने उन्हें भले ही नहीं देखा, लेकिन उनके बिहार और देश के लिए किए गए कार्य मेरे लिए बहुत मायने रखते हैं।

## युवक की लाश मिलने से गांव में सनसनी पुलिस ने चाचा को लिया हिरासत में

**कवर्धा,25 अक्टूबर।** जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम सूखाताल में शुक्रवार देर रात एक युवक की खून से लथपथ लाश मिलने से पूरे गांव में हड़कंप मच गया. सूचना मिलते ही पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी. मृतक की पहचान सिंघनपुरी निवासी विनोद साहू के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात मकान मालिक जब शौच के लिए बाहर निकला तो घर के आंगन में चूल्हे के पास खून से सनी लाश देखी. यह देखकर वह घबरा गया और तुरंत परिवार तथा पड़ोसियों को बुलाया. कुछ ही देर में गांव में खबर फैल गई और मौके पर भीड़ जमा हो गई. सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की. पुलिस ने बताया कि मृतक के गले को किसी धारदार हथियार से रेतकर हत्या की गई है. शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है. देर रात होने के कारण जांच कार्य सीमित रहा, लेकिन शनिवार सुबह पुलिस टीम फिर से गांव पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया. ग्रामीणों से पूछताछ के दौरान पुलिस ने मृतक के मुंहबोले चाचा को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है. प्रारंभिक जांच में यह मामला पारिवारिक विवाद या अवैध संबंध से जुड़ा प्रतीत हो रहा है. एएसपी पुष्पेंद्र बघेल ने बताया कि शुक्रवार रात सूखाताल गांव में युवक की लाश मिलने की सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची थी. उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है.

## अवैध लकड़ी तस्करी पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई ट्रक और स्कॉर्पियो समेत 45 लाख का माल जब्त

**रायगढ़,25 अक्टूबर।** जिले में वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। कुरमापानी और गोर्रा के बीच अवैध रूप से कीमती लकड़ी की तस्करी करते हुए एक 18 चक्का ट्रक और एक स्कॉर्पियो वाहन जब्त किया गया है। इस कार्रवाई में लाखों रुपये की लकड़ी बरामद हुई है। टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसके अन्य साथी मौके से फरार हो गए। जब्त संपत्ति की कुल कीमत लगभग 45 लाख रुपये आंकी गई है। जानकारी के मुताबिक, रायगढ़ वनमंडल के सर्किल के कुर्मापाली से गोर्रा के बीच नहर के पास एक ट्रक में अवैध रूप से खैर और तेंदू की लकड़ी लोड की गई थी। छईपारा निवासी महेंद्र यादव (26 वर्ष) को वन अमले ने मौके से हिरासत में लिया। इसके बाद ट्रक में लदी लकड़ियों को उर्दना काष्ठागार भेजा गया। इसी दौरान सूचना मिली कि तस्कर कोतरा रोड ओवरब्रिज के पास स्कॉर्पियो वाहन में मौजूद हैं, लेकिन वन विभाग की टीम को देखकर वे वाहन छोड़कर फरार हो गए। वन अमले ने स्कॉर्पियो को भी जब्त कर डीपो भेज दिया। स्कॉर्पियो वाहन का नंबर प्लेट हरियाणा पासिंग बताया जा रहा है। मामले में एसडीओ फॉरेस्ट ने बताया कि विश्वसनीय सूत्रों से सूचना मिली थी कि पाली से गोर्रा मार्ग पर अवैध लकड़ी की लोडिंग की जा रही है। सूचना के आधार पर मौके पर दबिश दी गई, जहां से ट्रक और स्कॉर्पियो वाहन को जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि जब्त लकड़ियों का घनमीटर मापने के बाद ही कुल मात्रा और मूल्य का सटीक आंकड़ा सामने आएगा। वन विभाग ने आरटीओ को पत्र लिखकर वाहनों के मालिकों की जानकारी मांगी है। अधिकारी ने बताया कि अवैध लकड़ी तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल वन विभाग की टीम पूरे मामले की जांच में जुटी है।

## संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुटेरेस का संदेश: युद्ध पर नहीं, शांति पर खर्च करें संसाधन

**नई दिल्ली,25 अक्टूबर।** संयुक्त राष्ट्र में सुधार को लेकर लंबे समय से मांग चल रही है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सुरक्षा परिषद से अपील की है कि विकास और शांति के लिए संसाधनों का उपयोग किया जाए। महासचिव गुटेरेस ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र के भविष्य पर सुरक्षा परिषद की एक खुली बहस में यह अपील की। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, हनोई से एक वीडियो लिंक के माध्यम से महासचिव ने अपने भाषण की शुरुआत की। यूएन महासचिव गुटेरेस ने कहा कि 1946 में सुरक्षा परिषद की पहली मतपेटी मतदान से पहले निरीक्षण के लिए खोली गई थी यूएन महासचिव गुटेरेस ने इस दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक किस्से का जिक्र करते हुए कहा कि 1946 में, मतदान से पहले सुरक्षा परिषद की पहली मतपेटी निरीक्षण के लिए खोली गई थी। जब पेटी खुली तो सभी को आश्चर्य हुआ कि उसमें पहले से ही एक कागज का टुकड़ा था। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने बताया कि यह संदेश उस मतपेटी के निर्माता, न्यूयॉर्क के एक स्थानीय मैकेनिक पॉल एंटोनियो का था। उन्होंने कहा था कि वह पूरी दुनिया में स्थायी शांति की कामना करते हैं। गुटेरेस ने कहा, "यह संदेश हमें याद दिलाता है कि सुरक्षा परिषद क्यों अस्तित्व में है: यह उन लोगों के लिए है, जो ईमानदार हैं और जिन्होंने पिछले आठ दशकों से युद्ध के संकट से खुद को बचाने के लिए इस संस्था पर भरोसा रखा है।" संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि इस मंच पर बैठना जिम्मेदारी है लोगों की आस्था का सम्मान करना और युद्ध पर होने वाला खर्च विकास व शांति में लगाना है. संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने आगे कहा, "इस मंच पर बैठने का सौभाग्य,



सबसे बढ़कर, उन लोगों की आस्था का सम्मान करने का कर्तव्य है। और युद्ध पर अक्सर खर्च होने वाले संसाधनों को विकास और शांति के कार्यों में लगाना है। कई महत्वपूर्ण अवसरों पर, सुरक्षा परिषद ने यह काम पूरा किया है और पिछले आठ दशकों में महाशक्तियों के बीच युद्ध की अराजकता को रोका गया।" गुटेरेस ने आगे कहा, "संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अच्छे काम करने के लिए जरूरी और ताकतवर है, लेकिन इसकी वैधता कमजोर है। हमने अक्सर संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों को चार्टर के सिद्धांतों के विरुद्ध काम करते देखा है।" गुटेरेस ने कहा, जब एक देश नियम तोड़ता है तो दूसरे भी वैसा ही करने लगते हैं, और इतिहास बताता है कि इसका अंजाम विनाशकारी होता है

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा, "जब ऐसा होता है, तो न केवल तत्काल कार्रवाई रुक जाती है, बल्कि इससे संयुक्त राष्ट्र की पूरी परियोजना में विश्वास भी कम होता है। यह हम सभी को बड़े खतरे में भी डाल देता है। जब एक देश नियमों का उल्लंघन करता है, तो दूसरे देश सोचते हैं कि उन्हें भी ऐसा करने की छूट है और इतिहास हमें स्पष्ट रूप से बताता है कि यह रास्ता किस ओर ले जाता है।" गुटेरेस ने यह भी कहा कि वैश्विक व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखने के लिए सुरक्षा परिषद में सुधार बहुत जरूरी है और लंबे समय से इसका इंतजार भी हो रहा है। सुरक्षा परिषद में सुधार के तहत सदस्यता का विस्तार भी होना है।सदस्यता के विस्तार को लेकर यूएन महासचिव ने कहा कि अफ्रीका में संयुक्त राष्ट्र के लगभग आधे शांति अभियानों के साथ-साथ कई विशेष राजनीतिक मिशन भी चलाए जाते हैं, फिर भी परिषद में अफ्रीका की कोई स्थायी आवाज नहीं है। गुटेरेस ने कहा कि सुरक्षा परिषद को पारदर्शी और सशक्त बनाना जरूरी है ताकि वह आने वाले 80 वर्षों की चुनौतियों का सामना कर सके.

## एक नजर

### पीएम ई-विद्या के तहत डीटीएच चैनल से शैक्षिक कार्यक्रमों का प्रसारण किया जा रहा

**बलौदाबाजार, 25 अक्टूबर।** पीएम ई-विद्या योजना के तहत राज्य में कक्षा 9वीं से 12वीं के समस्त विषयों की सामाग्रियों के शैक्षिक कार्यक्रमों का प्रसारण डीटीएच चैनल सहित अन्य टेलीविजन चैनलों में किया जा रहा है। इस योजना अंतर्गत कार्यक्रमों के प्रसारण की समय सारणी विद्यार्थियों को प्रदान करने के उद्देश्य से माह अक्टूबर 2025 के लिए मासिक कैलेंडर का क्लिकेबल पीडीएफ पोस्टर तैयार किया गया है। जिसमें किसी भी तिथि को टच करने से उस तिथि में प्रसारित होने समस्त शैक्षिक कार्यक्रमों की सारणी कक्षावार और विषयवार खुल जाता है। इससे विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रसारण की सही जानकारी प्राप्त करने में सहायता मिलती है। जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे ने सभी विद्यालयों के प्राचार्यों एवं शिक्षकों के साथ-साथ विद्यार्थी कार्यक्रम का अधिक से अधिक लाभ लेने अपील की गई।

### विद्यार्थियों के हित में माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर की विशेष पहल

**रायपुर, 25 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं भावनात्मक संतुलन को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के मानसिक तनाव को दूर करने हेतु एक विशेष हेल्पलाइन सेवा प्रारंभ की जा रही है। देश में आत्महत्याओं की बढ़ती घटनाओं तथा शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों पर बढ़ते मानसिक दबाव को देखते हुए मण्डल ने यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है द्य इस हेल्पलाइन से विद्यार्थी अपने मानसिक तनाव, घबराहट या अन्य मनोवैज्ञानिक समस्याओं का समाधान विशेषज्ञों से प्राप्त कर सकेंगे। यह हेल्पलाइन सेवा माध्यमिक शिक्षा मण्डल कार्यालय, रायपुर में संचालित की जाएगी। विद्यार्थी टोल फ्री नम्बर 1800-233-4363 पर प्रत्येक शुक्रवार दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। इस सेवा का शुभारंभ 31 अक्टूबर 2025 से किया जा रहा है। इस अवधि में योग्य मनोवैज्ञानिक एवं मनोचिकित्सक विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए उपलब्ध रहेंगे। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल का यह प्रयास विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें तनावमुक्त शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय एवं सकारात्मक पहल है।

### मत्स्य कृषकों का एनएफडीपी पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य

**सूरजपुर,25 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि योजनांर्गत अब केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ पाने के लिए मत्स्य कृषकों का एनएफ्डीपी पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य है। जिसके लिये सीएससी के माध्यम से या स्वयं से एनएफ्डीपी पोर्टल पर समिति, समूह, व्यक्ति मछली पालन से जुड़े सदस्य वेबसाईट http-sÑ//nfdp.dof.gov.in/nfdp// में पंजीयन करा सकतें हैं। सीएससी के माध्यम से पंजीकृत होने पर सीएससी संचालकों को 20 रूपये एवं हितग्राहियों को 80 रूपये प्राप्त होंगे। पंजीयन के संबंध में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी सहायक मत्स्य अधिकारी श्री सुधाकर बिसेन मो.न. +91 7005482812, मत्स्य निरीक्षक ओड़गी एवं भैयाथान श्री डिगेश्वर सिंह मो.न. +91 8120701434, मत्स्य निरीक्षक रामानुजनगर श्री संजीव कुमार सिंह मो.न. +91 7000941654, मत्स्य निरीक्षक प्रेमनगर कु. अल्का सिंह मो.न. +91 7489333781, मत्स्य निरीक्षक प्रतापपुर श्री निलेश कुमार सिंह मो.नं. +91 6267331604 में सम्पर्क कर पंजीयन की जानकारी प्राप्त कर सकतें है। एनएफ्डी पोर्टल में पंजीयन हेतु आधार लिंक मोबाइल नंबर एवं बैंक खाता होना आवश्यक है।

### संगोष्ठी में किसानों की आय कैसे बढ़े सलाह दी गई

**कांकेर, 25 अक्टूबर।** रजत जयंती के अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर में शुक्रवार को कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री भरत मटियारा ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार किसानों की आय में वृद्धि के लिए सतत प्रयासरत है। किसानों की आय कैसे बढ़े इसके लिए उन्हें सामयिक सलाह के साथ ही खाद-बीज का उपयोग, आधुनिक खेती, फसल चक्र परिवर्तन से लाभ इत्यादि की जानकारी दी जाती है। शासन द्वारा संचालित योजनाओं से लाभ उठाने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसानों को खेती किसानी के लिए केसीसी के माध्यम से खाद बीज के लिए ऋण की सुविधा दी जा रही है, शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराई जाती है।

# कलेक्टर ने खेत पहुंच कर किसान की मौजूदगी में एप से किया फसल का सत्यापन



**बलौदाबाजार, 25 अक्टूबर।** कलेक्टर दीपक सोनी शुक्रवार को किसान द्वारा लागए गए फसल का सत्यापन करने किसान के खेत पहुंचे। उन्होंने ग्राम कोकड़ी में किसानों की उपस्थिति में फिजिकल वेरिफिकेशन एप्प के माध्यम से खेत के रकबे में लगे धान फसल का सत्यापन किया और किसानों को उनके दावा आपत्ति निराकरण के बारे में जानकारी दी। कलेक्टर ने उपस्थित किसानों से इस वर्ष धान की खेती, एग्रीस्टेक पंजीयन आदि के बारे में पूछताछ कर जानकारी ली। किसानों ने बताया कि इस बार उन्होंने अपने खेत में महामाया धान लगाया हैं। फसल की पैदावार अच्छी हैं और कुछ दिनों में कटाई शुरू करना हैं।उन्होंने यह भी बताया कि एग्रीस्टेक में पंजीयन हो गया हैं। पंजीयन में कोई दिक्कत नहीं हुई। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य में धान खरीदी होगी ,इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारी कि जा रही हैं।

बताया गया कि बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम कोकड़ी के किसान कृषक संतोष राउतराय पहन 16 में खसरा नंबर 37/1,37/3,37/4 कृषि भूमि स्थित हैं। किसान संतोष के द्वारा उक्त कृषि भूमि में धान फसल लगाया गया हैं। किसान द्वारा विगत 5 उक्त भूमि में कोई फसल नहीं ली जा रही थी। इस वर्ष महामाया धान लगाया गया हैं। किसान के द्वारा ग्राम सभा में अपने खेत में धान फसल लगे होने के सम्बन्ध में दावा आपत्ति किया गया था। इस दौरान उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं उमेश गुप्ता खाद्य अधिकारी पुनीत वर्मा, नायब तहसीलदार अक्षय तिवारी सहायक भू अधीक्षक सुरेश देवांगन सहित पटवारी मौजूद थे।

# जनजातीय स्वतंत्रता विद्रोह पर बना भव्य स्मारक सह-संग्रहालय जल्द लोगों के लिए होगा समर्पित

**रायपुर 25 अक्टूबर।** नवा रायपुर अटल नगर के आदिवासी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में छत्तीसगढ़ के जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के विद्रोहों पर बन रहे स्मारक सह-संग्रहालय जल्द ही लोगों के लिए समर्पित किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी राज्योत्सव के मौके पर देश के पहले डिजीटल संग्रहालय का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज निर्माणाधीन संग्रहालय स्थल का निरीक्षण कर लोकार्पण की तैयारियों का जायजा लिया एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



गौरतलब है कि राज्य सरकार इस वर्ष छत्तीसगढ़ निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती के रूप में मना रहा हैं। नवा रायपुर में बन रहे शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक सह-संग्रहालय के निर्माण कार्यों का निरीक्षण के दौरान मुख्य मंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि आगंतुकों एवं पर्यटकों के हिसाब से संग्रहालय में आडियो-विडीयो विजुवल की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि आगंतुक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के संबंध में भंलिभांति परिचित हो सके। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की परिकल्पना का परिणाम है कि जल्द ही छत्तीसगढ़ में जनजातीय वर्गों के ऐतिहासिक गौरव गाथा, शौर्य और बलिदान का प्रतीक स्मारक सह-संग्रहालय धरातल पर दिखाई देगा। यह निर्माणाधीन संग्रहालय सदियों के लिए आने वाली नई पीढ़ियों को पुरखों का याद दिलाता रहेगा। उन्होंने कहा कि यह संग्रहालय न सिर्फ आदिवासी वर्गों के लिए बल्कि सभी वर्गों सहित देश-विदेश के लोगों के लिए भी प्रेरणाप्रद बनेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस जीवंत संग्रहालय के माध्यम से लोगों में बड़ी से बड़ी ताकतों के अन्याय, अत्याचार के खिलाफविद्रोह करने का साहस पैदा होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि सोच का परिणाम है कि आज प्रदेश का पहला संग्रहालय है जो छत्तीसगढ़ के आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की शौर्य गाथा एवं बलिदान को समर्पित है। मुख्यमंत्री श्री साय ने आगामी राज्योत्सव के मौके पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा प्रस्तावित उद्घाटन के मद्देनजर सभी आवश्यक तैयारियां व निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संग्रहालय में डिजीटलीकरण कार्य, पार्किंग व्यवस्था, सॉवेनियर शॉप, गार्डनिंग, वॉटर सप्लाई की स्थिति की जानकारी ली। प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को संग्रहालय में निर्माणाधीन 14 गैलरियों सहित झंडा सत्याग्रह, जंगल सत्याग्रह, जनजातीय संस्कृतियों पर बने गैलरियों आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान उनके साथ वन एवं जलवायु परिर्वतन मंत्री श्री केदार कश्यप, मुख्य सचिव श्री विकासशील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत, रायपुर संभाग के कमिश्नर श्री महादेव कावरे, आदिम जाति विकास विभाग के आयुक्त डॉ. सारांश मित्तर, मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव एवं जनसंपर्क विभाग के आयुक्त डॉ रवि मित्तल, कलेक्टर श्री गौरव सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, टीआरटीआई संचालक श्रीमती हिना अनिमेष नेताम सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### 5000 शिक्षकों की भर्ती से प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी: गजेन्द्र यादव

**रायपुर, 25 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा 5000 शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया को वित्तीय स्वीकृति प्रदान किया गया है। मंत्री श्री गजेंद्र यादव ने कहा कि यह निर्णय प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेगा। मंत्री श्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की प्राथमिकता हमेशा से ही गुणवत्तापूर्ण और सुलभ शिक्षा सुनिश्चित करना रही है। शिक्षकों की कमी लंबे समय से शिक्षा प्रणाली को प्रभावित कर रही थी, ऐसे में यह भर्ती न केवल स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करेगी बल्कि प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के हजारों नए अवसर भी उपलब्ध कराएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगे कहा कि इस भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता और योग्यता आधारित प्रणाली से संचालित किया जाएगा। ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षकों की उपलब्धता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि प्रदेश के हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अधिकार प्राप्त हो सके।

शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल पदों की पूर्ति नहीं, बल्कि एक मजबूत, सक्षम और प्रेरणादायी शिक्षण तंत्र का निर्माण करना है। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से आग्रह किया कि वे उत्साह और विश्वास के साथ तैयारी करें, क्योंकि यह भर्ती प्रदेश के शैक्षणिक भविष्य को नई ऊँचाइयों तक ले जाने वाली सिद्ध होगी।

# जिपं अध्यक्ष अरुण के प्रयासों से धमतरी को मिली 82.45 लाख रुपए की सौगात

**नगरी 25 अक्टूबर।** जिले के सर्वांगीण विकास को नई गति देने के उद्देश्य से जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा के निरंतर प्रयासों और अनुशंसा के फलस्वरूप मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत धमतरी जिले को 82.45 लाख रुपये की महत्वपूर्ण सौगात प्राप्त हुई है। इन राशि से जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में अनेक निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनसे ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। मुख्य रूप से स्वीकृत कार्यों में विकासखंड धमतरी के ग्राम पंचायत अरौद ली में शेड निर्माण, विकासखंड कुरूद के ग्राम पंचायत चिवरी में अटल समरस भवन निर्माण, ग्राम पंचायत जोरातरई (सी) में शेड निर्माण,विकासखंड नगरी के ग्राम पंचायत भुरसीडोंगरी, भीतररास, घठुला एवं राजपुर में शेड निर्माण,भुरसीडोंगरी में सी.सी. रोड का निर्माण तथा विकासखंड मगरलोड के ग्राम पंचायत करेलीछोटी में नाली



निर्माण शामिल हैं। इन सभी कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक गतिविधियों, सामाजिक कार्यक्रमों और बैठकों के लिए बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। ग्रामीण अंचल में इन स्वीकृतियों को लेकर उत्साह और हर्ष का वातावरण है।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरुण सार्वा ने कहा कि मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के माध्यम से जिले के ग्रामीण अंचलों में बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। उनका लक्ष्य है कि धमतरी जिले का प्रत्येक गांव सुविधाओं से सशक्त और आत्मनिर्भर बने। इन विकास कार्यों की स्वीकृति पर जिले भर में हर्ष की लहर है। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री प्रकाश बैस, उपाध्यक्ष श्री अकबर कश्यप, श्री विकल गुप्ता, श्री रविशंकर दुबे, श्री कमल डागा, जनपद अध्यक्ष श्री महेश गोटा, जनपद उपाध्यक्ष श्री हृदय साहू, नगरी मंडल अध्यक्ष श्री बलजीत छाबड़ा, मगरलोड मंडल अध्यक्ष श्री रोहित मोहन साहू, कुकरेल मंडल अध्यक्ष श्री संजय मरकाम, महामंत्री श्री रवेंद्र साहू, श्रीमती सुलोचना साहू, मंडी अध्यक्ष श्री गिरवर भंडारी, श्रीमती हेमलता साहू, सरपंच नागेंद्र बोरझा, जन्मजय साहू, हनी कश्यप, रवि भट्ट सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्री अरुण सार्वा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। धमतरी जिले में यह पहल न केवल विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है, बल्कि जनप्रतिनिधियों की संवेदनशीलता और जनता के प्रति प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है।

# 9 नए नर्सिंग कॉलेजों के भवन निर्माण के लिए 78.15करोड़ रुपए की स्वीकृति

**रायपुर, 25 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की एक और महत्वपूर्ण घोषणा को राज्य सरकार ने मूर्त रूप दे दिया है। राज्य बजट में शामिल 9 नवीन नर्सिंग महाविद्यालयों के भवन निर्माण कार्य के लिए 78 करोड़ 15 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय प्रदेश में नर्सिंग शिक्षा को नई दिशा देगा और स्वास्थ्य क्षेत्र में कुशल मानव संसाधन तैयार करने में मदद करेगा।

प्रत्येक संस्था के भवन निर्माण के लिए 8 करोड़ 68 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। जिन जिलों में ये नए नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जाएंगे, उनमें दंतेवाड़ा, बैकुंठपुर, बीजापुर, बलरामपुर, जशपुर, रायगढ़, धमतरी, जांजगीर-चांपा और नवा रायपुर (अटल नगर) शामिल हैं। हमारा उद्देश्य है कि प्रदेश के हर युवा को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य शिक्षा मिले और हर जिले में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कुशल मानव संसाधन भी तैयार हो। 9 नए नर्सिंग कॉलेजों के भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदेश के स्वास्थ्य शिक्षा क्षेत्र में एक नया अध्याय जोड़ेगी। यह पहल न केवल स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त बनाएगी, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता के अवसर भी बढ़ाएगी। -मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य सरकार ने स्वास्थ्य शिक्षा को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक निर्णय लिया है। 9 नए नर्सिंग कॉलेजों के भवन निर्माण की स्वीकृति से प्रदेश के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण नर्सिंग शिक्षा के साथ ही रोजगार और आत्मनिर्भरता के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। यह पहल छत्तीसगढ़ को स्वास्थ्य सेवाओं और मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने में मदद करेगी।÷ - स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों को प्राथमिकता दे रही है। 9 नए नर्सिंग कॉलेजों के भवन निर्माण के लिए 78 करोड़ 15 लाख रुपए की स्वीकृति इस बात का प्रतीक है कि सरकार प्रदेश के युवाओं के लिए अवसर सृजन और सेवा क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## समाचार संक्षेप

### लक्ष्मी राजवाड़े ने रजवार समाज के उत्कृष्ट विद्यार्थियों का किया सम्मान



**रायपुर, 25 अक्टूबर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े आज सूरजपुर जिले के ग्राम करंजी में रजवार समाज द्वारा आयोजित सामाजिक उत्कृष्ट विद्यार्थियों के सम्मान समारोह में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने समाज के उज्जवल भविष्य की नींव रखने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि शिक्षा ही जीवन में प्रगति और सशक्तिकरण का सबसे बड़ा माध्यम है। समाज की उन्नति तभी संभव है जब उसके बच्चे शिक्षित और संस्कारी बनें। उन्होंने कहा कि रजवार समाज द्वारा विद्यार्थियों के प्रोत्साहन के लिए किया जा रहा यह आयोजन न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण प्रयास भी है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, समाज के पदाधिकारियों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि समाज और शासन के संयुक्त प्रयासों से ही राज्य के हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे शिक्षा के साथ संस्कारों और सामाजिक मूल्यों को भी जीवन में अपनाएं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, रजवार समाज के वरिष्ठजन, महिला समूह, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### महिला एवं बाल विकास मंत्री ने किया भटगांव छठ घाट का निरीक्षण



**रायपुर, 25 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज भटगांव के दुर्गा मंदिर के समीप स्थित छठ घाट का निरीक्षण कर पर्व की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के सभी आवश्यक प्रबंध समय पर पूरे किए जाएं ताकि छठ महापर्व शांति, सौहार्द और श्रद्धा के साथ संपन्न हो सके। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने घाट की साफ-सफाई, जल स्तर, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था और आवागमन की सुगमता का विस्तार से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि घाट पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था, साउंड सिस्टम और शुद्ध पेयजल की सुविधा सुनिश्चित की जाए। साथ ही, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में महिला सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि छठ पर्व भारतीय संस्कृति का अत्यंत पवित्र पर्व है, जो सूर्य उपासना और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है। इस पर्व में महिलाएं निर्जला उपवास रखकर परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना करती हैं। अतः इस आयोजन में स्वच्छता और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

# चाकू दिखाकर लोगों को डराने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 25 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं को त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी प्रकार की भी सूचना, शिकायत अथवा अपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। ÷समाधान सेल÷ के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 23.10.2025 को धारदार चाकू दिखाकर लोगों को भयभीत करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आज दिनांक 23.10.2025



को समाधान सेल में सूचना मिला की एक आरोपी द्वारा ग्राम शुक्लाभांठा में धारदार चाकू लहराकर आने जाने वाले लोगों को डराया धमकाया जा रहा है। की सूचना पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम द्वारा संबंधित स्थल पहुंच कर आरोपी पोषण निषाद को हिरासत में लिया गया तथा आरोपी से एक चाकू जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 1033/2025 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### बिहान से जुड़ने के बाद महिलाओं के जीवन में बदलाव आया

# राज्यपाल रमेन डेका ने दुगली में वनधन विकास केन्द्र का किया अवलोकन

**रायपुर, 25 अक्टूबर।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज धमतरी जिले में ग्राम दुगली में वनधन विकास केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला समूहों द्वारा एलोवेरा से बनाए जा रहे उत्पादों की प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग प्रक्रिया को निकट से देखा और उनकी सराहना की। राज्यपाल ने समूहों द्वारा तैयार अन्य उत्पादों का भी अवलोकन किया।

राज्यपाल श्री डेका ने केंद्र में एलोवेरा जैल निर्माण, तिखुर प्रसंस्करण एवं दोना-पत्तल निर्माण की पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने परिसर में लगाई गई एलोवेरा और तिखुर की खेती का भी निरीक्षण किया। इस दौरान कमार जनजाति के समाज प्रमुख, पर्यटन समिति के सदस्य और लखपति दीदियों से राज्यपाल ने आत्मीय संवाद किया। लखपति दीदी श्रीमती देवकुमारी साहू ने राज्यपाल को बताया कि वे बिहान योजना से जुड़कर सेंट्रिंग और दैनिक उपयोग की वस्तुओं का कार्य करती हैं, जिससे उन्हें गांव में ही रोजगार और स्थायी आमदनी मिल रही है। उन्होंने बताया कि बिहान से जुड़ने के बाद उनके जीवन में आर्थिक सुधार हुआ है और अब वे अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा भी दिला पा रही हैं। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना, मुख्य वन संरक्षक श्रीमती सतोविशा समाजदार, धमतरी जिले के कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री सूरज सिंह परिहार, वनमण्डलाधिकारी एवं वन विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**प्राकृतिक सुंदरता के लिए समिति का गठन**

इको-टूरिज्म समिति के सदस्य



श्री माधव सिंह मरकाम ने राज्यपाल को बताया कि जबर्रा ग्राम की प्राकृतिक सुंदरता को प्रदर्शित करने के लिए समिति गठित की गई है, जिससे देश-विदेश के पर्यटक यहां आकर्षित हो रहे हैं। समिति के माध्यम से ग्रामीणों को गांव में ही रोजगार प्राप्त हुआ है और जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

**श्री डेका ने पत्ते पर की गई कलात्मक आकृति की सराहना**

नगरी विकासखंड के लीफ आर्टिस्ट श्री विकास शांडिल्य ने पीपल के पत्ते पर उकेरी गई शेर की कलात्मक आकृति राज्यपाल श्री डेका को भेंट की। राज्यपाल ने उनकी कला की प्रशंसा करते हुए आकृतियों के निर्माण में लगने वाले समय और उनकी कीमत के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विकास को पत्ते पर और भी कलात्मक आकृति तैयार करने हेतु प्रोत्साहित किया एवं उनकी कृतियों को खरीदने की इच्छा भी व्यक्त की।

# रूस को कमजोर करने का प्रयास है यह तो

संपादकीय

विश्व राजनीति में अमरीका अपना प्रभुत्व चाहता है, वह नहीं चाहता है कि विश्व में कोई भी देश आर्थिक,सैन्य,अंतरिक्ष में इतना मजबूत हो सके कि वह उसके सामने विरोध के लिए खड़ा हो सके। अमरीका एकध्रुवीय व्यवस्था चाहता है ताकि वह सबसे शक्तिशाली बना रह सके। इसके लिए वह समय समय पर विश्व में बहानों से अपनी शक्ति का प्रदर्शन करता रहता है। क्रिया की प्रतिक्रिया होती है और अमरीका जो कुछ कर रहा है, उसकी प्रतिक्रिया भी विश्व में हो रही है। विश्व के कई देश मिलकर चाहते हैं कि विश्व को एकध्रुवीय नहीं बहुध्रुवीय होना चाहिए। एकध्रुवीय स्थिति में किसी देश की तानाशाही की गुंजाइश रहती है जबकि बहुध्रुवीय स्थिति में किसी भी समस्या का समाधान आपसी हितों को ध्यान रखकर किया जा सकता है, बातचीत की गुंजाइश बनी रहती है। वर्तमान में अमरीका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के कारण अकेला पड़ता जा रहा है। उसकी आंतरिक स्थिति भी सामान्य नहीं कही जा सकती लोगों में ट्रंप को लेकर भारी असंतोष है, आए दिन लाखों लोग प्रदर्शन कर रहे है, ट्रंप अपने देश के भीतर तो शांति स्थापित नहीं कर पा रहे हैं लेकिन वह चाहते हैं कि रूस व यूक्रेन के बीच तीन साल से चल रहा युध्द समाप्त हो जाए। वह इसलिए रूस व यूक्रेन युध्द नहीं रुकवाना चाहते हैं कि वह कोई शांतिप्रिय नेता है। वह चाहते हैं कि विश्व में शांति रहे। वह तो इस युध्द को इसलिए कैसे भी रुकवाना चाहते हैं कि उनको शांति नोबल पुरस्कार के योग्य माना जाएगा। इस बार युध्द रुकवाने के नाम पर ट्रंप को बड़ी उम्मीद थी कि उनको शांति नोबल पुरस्कार मिल जाएगा लेकिन रूस यूक्रेन युध्द चलते रहने के कारण इजराइल हमास युध्द बंद होने के बाद भी उनको शांति नोबल पुरस्कार के योग्य नहीं माना गया। इससे ट्रंप उदास हुए हैं, दुखी हुए हैं लेकिन निराश नहीं है, उनको लगता है कि इजराइल हमास युध्द भले की अस्थायी तौर पर रुका है, लेकिन उसको रुकवाने का श्रेय को उनको मिला है। इसी तरह वह बातचीत,रूस को युध्द रोकने के लिए मजबूर करके भी यूक्रेन रूस युध्द को रुकवाना चाहते हैं। वह अकेले यह काम एक साल में नहीं करवा सके है, इसलिए वह यूरीपीय संघ को भी रूस पर प्रतिबंध लगाने को मजबूर करते हैं। हाल ही में डोनाल्ड ट्रंप ने फिर से रूस की दो प्रमुख तेल कंपनियों रोसनेस्ट व लुकोईल को बैन कर दिया है। इससे दोनों कंपनियों की अमरीका में मौजूद संपत्ति फ्रीज हो गई हैं। वही ईयू ने रूस व उससे जुड़ी विश्व की 45 कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसमें 12 चीन की है, 3 भारत की हैं, दो थाईलैंड की है। अमरीका व ईयू के प्रतिबंध के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम 2 डालर बढ़ गए हैं। इससे आने वाले दिनों में पूरा विश्व के कई देश प्रभावित होंगे। यह सब इसलिए कि अमरीका जैसा चाहता है,वैसा रूस कर नहीं रहा है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप चाहते हैं कि वह रूस को कहें कि वह युध्द बंद कर दे तो वह कर दे। पुतिन खुद को ट्रंप से बड़ा नेता मानते हैं, इसलिए वह ट्रंप की कोई बात मानने को तैयार नहीं है,बल्कि वह चाहते हैं कि अमरीका को युध्द रुकवाना है तो उसे यूक्रेन को रूस की शर्ते मानने के लिए कहना चाहिए। बातचीत के जरिए ट्रंप पुतिन को युध्द रोकने को तैयार नहीं कर सके हैं तो यह उनकी असफलता है। इसलिए वह अपनी असफलता को सफलता में बदलने के लिए रूस को दूसरे तरह के दवाब के जरिए मजबूर करना चाहते हैं, रूस की आर्थिक मजबूती उसके तेल का कई देशों में बिकना है। रूस व ईयू मानते हैं कि जब तक रूस का तेल कई देश खरीद रहे हैं। रूस को युध्द रोकने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता क्योंकि इससे रूस आर्थिक रूप से मजबूत बना हुआ है। इसलिए अब अमरीका रूस को आर्थिक रूप से कमजोर करने के लिए दूसरे देश जो रूस से तेल खरीद रहे है,उनको तेल नहीं खरीदने के लिए मजबूर कर रहा है। अमरीका के इस प्रयास से भारत व चीन पर क्या असर होगा इसका अभी आकलन किया जा रहा है। अमरीका उम्मीद कर रहा है कि चीन व भारत रूस से तेल खरीदी देरसबेर कम करेंगे और एक वक्त ऐसा आएगा जब वह पूरी तरह तेल खरीदी रूस से बंद कर देंगे। अब तक तो भारत व चीन रूस को आर्थिक रूप से मजबूत बनाए रखने का प्रयास करते रहे हैं, आने वाले दिनों वह क्या ऐसा कर पाएंगे,अमरीका रूस को युध्द रोकने के लिए मजबूर कर सकेगा इसका जवाब भविष्य के गर्त में है।

# भारतीय सामरिक तकनीकी की पहचान है स्वदेशी तेजस एम-1ए

गंभीर मुद्दा

मनोज कुमार अग्रवाल



स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस एलसीए मार्क 1ए का पहली बार उड़ान भरना निःसंदेह देश को गर्वांवित करने वाला है, क्योंकि विमानन और रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि है। इस लड़ाकू विमान का उड़ान भरना भारत की रक्षा उद्योग की परिपक्वता, नीति-दिशा और दीर्घकालिक रणनीति को प्रमाणित करने के साथ ही 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' अभियानों को एक नई ऊर्जा प्रदान करता है। यह इस बात का संकेत है कि रणनीतिक दृष्टिकोण और राजनीतिक इच्छाशक्ति से कैसे सामरिक क्षमताओं को सहजता से एकीकृत किया जा सकता है। इस उपलब्धि को सिर्फ एक तकनीकी मील का पत्थर नहीं मानना चाहिए, बल्कि यह भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता तथा विदेश नीति में बदलती परिदृश्यों के बीच विवेकपूर्ण संतुलन का प्रतिबिंव है। दरअसल तेजस मार्क 1ए का लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा भारत में निर्मित है और यह एक उन्नत, बहुउद्देश्यीय लड़ाकू विमान है। यह स्वदेशी 4.5-पीढ़ी का विमान है, जो सभी मौसमों में काम करने के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा विकसित किया गया है। लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) का यह एडवांस वर्जन है और यह चौथी पीढ़ी का मल्टी-रोल फाइटर जेट है हल्का, तेज और सटीक वार करने में सक्षम है। सबसे बड़ी बात है कि यह हर मौसम, दिन-रात और हर ऑपरेशन में यह पूरी तरह सक्षम है। यह विमान 5.5 टन से अधिक हथियार ले जाने की क्षमता रखता है और एक साथ कई लक्ष्यों पर हमला कर सकता है। इसमें एईएसएस रडार, वियॉन्ड विजुअल रेंज (बीवीआर) मिसाइल सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सूट और हवा में ईंधन भरने की सुविधा है। एक और बड़ी बात है कि इस विमान में किसी भी अपग्रेड या बदलाव के



लिए भारत को विदेशी अनुमति की जरूरत नहीं होगी। यह पूरी तरह से मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की भावना को आगे बढ़ाने वाला प्रोजेक्ट है। इस विमान के निर्माण से देश के रक्षा और एयरस्पेस उद्योग को नई दिशा मिली है और यह सिर्फ एक विमान नहीं, बल्कि भारत की तकनीकी क्षमता और इंजीनियरिंग कौशल का प्रतीक है। इसलिए तेजस मार्क-1ए की पहली उड़ान न केवल भारत की वैज्ञानिक और औद्योगिक उपलब्धि है, बल्कि यह देश की रणनीतिक आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसका उद्घाटन करते हुए ठीक कहा है कि इससे वायु सेना की ताकत कई गुना बड़ जायेगी। उन्होंने बताया कि एक समय था जब देश अपनी रक्षा जरूरतों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था और लगभग 65-70 प्रतिशत रक्षा उपकरण आयात किए जाते थे, लेकिन आज यह स्थिति चदल गई है। अब भारत 65 प्रतिशत विनिर्माण अपनी धरती पर कर रहा है। बहुत जल्द, हम अपने घरेलू विनिर्माण को भी 100 प्रतिशत तक ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत का रक्षा निर्याप्त रिकॉर्ड 25 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो कुछ साल पहले एक हजार करोड़ रुपये से भी कम था। रक्षा मंत्री ने कहा कि कि हमने अब 2029 तक घरेलू रक्षा विनिर्माण में तीन लाख करोड़ रुपये और रक्षा निर्यात में 50 हजार करोड़ रुपये हासिल करने का लक्ष्य रखा है। तेजस मार्क। ए को वायुसेना में शामिल करने की तारीखों का एलान नहीं हुआ है, लेकिन एचएएल का कहना है कि आने वाले चार वर्षों में भारतीय वायुसेना को 83 तेजस मार्काए लड़ाकू विमानों की आपूर्ति की जाएगी। अमेरिकी इंजन की आपूर्ति में देरी की वजह से पहले ही देरी हो रही है। नासिक स्थित एचएएल की एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरिंग डिविजन में हर साल आठ लड़ाकू विमानों का निर्माण करने की क्षमता है। इसके अलावा बंगलूरू में तेजस की दो प्रोडक्शन लाइन स्थित हैं, जहां हर साल 16 लड़ाकू विमान बनाए जा रहे हैं। इस तरह नासिक की प्रोडक्शन लाइन शुरू होने के बाद हर साल 24 लड़ाकू विमानों का निर्माण होगा। इसमें कोई दोमत नहीं है कि पिछले 11 वर्षों में, भारत हथियारों के मामले में काफी हद तक आत्मनिर्भर हो चुका है और स्वदेशी उत्पादन के उभरते केंद्र में तब्दील हो गया है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता एक मार्गदर्शक सिद्धांत रहा है, जिसने स्थानीय डिजाइन, विकास और विनिर्माण को प्राथमिकता देने वाली नीतियों को प्रेरित किया है। सरकारी सुधारों, रणनीतिक निवेशों और उद्योग साझेदारियों ने नवाचार को बढ़ावा दिया है और घरेलू क्षमताओं को मजबूत किया है। दरसअल रक्षा बजट में लगातार वृद्धि देखी गई है, जो 2013-14 में 2.53 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में 6.81 लाख करोड़ रुपये हो गया है। 2024-25 में, भारत ने 1.50 लाख करोड़ का अपना अब तक का सर्वोच्च रक्षा उत्पादन हासिल किया, जो 2014-15 में दर्ज 46,429 करोड़ से तीन गुना अधिक है। भारत का रक्षा निर्यात 2013-14 में 686 करोड़ रुपये से बढ़कर 25 हजार करोड़ रुपये हो गया है, ये 36 गुना वृद्धि है, जो आत्मनिर्भर और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी रक्षा उद्योग के लिए सरकार के प्रयास को रेखांकित करता है। सरकारी नीतिगत सुधारों, व्यापार सुगमता पहलों और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रयासों से प्रेरित होकर, भारत अब 100 से अधिक देशों को निर्यात करता है। 2023-24 में भारत के रक्षा निर्यात के लिए शीर्ष तीन गंतव्य अमेरिका, फ्रांस और आर्मेनिया थे। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता से कई फायदे हो रहे हैं, इससे एक तरफ विदेशी मुद्रा की बचत हो रही है, तो दूसरी स्थानीय उद्योग सशक्त हो रहे हैं। भारत इसी गति और प्रगति के साथ आगे बढ़े, तो एशिया में सामरिक संतुलन पर भारत की भूमिका और अधिक निर्णायक हो सकती है। चीन, पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों के साथ संतुलित शक्ति स्थिति बनाए रखना, विशेष रूप से सीमाई तनावों के समय, यह कदम भारत को अधिक हिम्मत और स्वायत्तता देता है। हालांकि एक सफल उड़ान एक प्रारंभिक सफलता है, शत-प्रतिशत सफलता हासिक करना अभी है। इसे बेहतर तरीके से व्यवहारिक, युद्ध-योग्य विमान बनाने की राह अभी लंची है। मगर इसके बाजवूद तेजस मार्क 1ए का सफल प्रथम उड़ान भारत के आत्मविश्वास, तकनीकी साहस और राष्ट्रनिर्माण की महत्वाकांक्षा का द्योतक है। यह सिर्फ एक विमान का उड़ान भरना नहीं, बल्कि यह एक बदलाव की शुरुआत है, एक संकल्प की अभिव्यक्ति कि भारत अब सिर्फ खरीदार नहीं, निर्माता बनेगा। लेकिन इस उपलब्धि को सफलतम रूप देने के लिए निरंतर प्रयास, दूरदृष्टि, संसाधनों का समुचित प्रबंधन और समयबद्ध कार्यान्वयन जरूरी है। यदि यह संतुलन बना रहे तो भारत न सिर्फ रक्षा क्षेत्र मेंआत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर होगा, बल्कि उन देशों की कतार में खड़ा हो जाएगा, जो रक्षा उपकरणों, तकनीकी नवाचार और सामरिक क्षमता में वैश्विक मानदंड तय करते हैं। इसलिए निःसंदेह तेजस मार्क 1ए उस सपने की उड़ान की शुरुआत है।

## सू- दोकू क्र.208

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.207 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |

## शब्द सामर्थ्य -208

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 207 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आप जिस काम में हाथ डालेंगे उसमें आपको अच्छी सफलता मिलेगी और आप किसी काम को लेकर अपने मन में दुविधा बिल्कुल ना रखें, यदि ऐसा हो, तो उन्हें दूर करने की पूरी कोशिश करें। विद्यार्थी अपने ज्ञान को बढ़ाने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे। आप अपने काम को लेकर किसी के साथ पार्टनरशिप करेंगे, तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए पद-प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाला रहेगा। आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी और राजनीति में भी आपको अच्छे काम करने का मौका मिलेगा, जिससे आपकी छवि और निखरेगी, लेकिन आपकी अपने किसी मित्र से खटपट हो सकती है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को साथी के साथ वक्त बिताने का मौका मिलेगा। आप अपनी शारीरिक समस्याओं को नजरअंदाज न करें, नहीं तो आने वाले समय में वह बढ़ सकती हैं, जो आपकी मुश्किलों को बढ़ाएंगे।

**मिथुन** आज आपके सुख साधनों में वृद्धि होगी। परिवार के लोगों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में भी सम्मिलित हो सकते हैं। आपको परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। छोटा बच्चा आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकता हैं। जीवनसाथी को आप कहीं घूमाने-फिराने लेकर जाएंगे। यदि आपने किसी प्रतियोगिता में भाग लिया, तो उसमें आपको अच्छी सफलता मिलने से खुशी होगी।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। व्यापार से संबंधित किसी काम को लेकर आप यात्रा पर जा सकते हैं। मेहनत का आपको पूरा फल मिलेगा, क्योंकि बॉस आपके प्रमोशन की बात आगे कर सकते हैं, लेकिन परिवार में किसी सदस्य के विवाह में कोई समस्या आने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे। आप अपने धन का सदुपयोग करें और किसी को उधार देने से बचें। कार्यक्षेत्र में किसी अजनबी पर आपको आंख मूंदकर भरोसा करना भी आपकी समस्या बनेगा।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रहने वाला है। आपकी बेवजह की टेंशन में बढ़ेंगी। व्यवसाय में आपको पिछले कामों के लिए मान सम्मान मिलेगा। आपको यदि कोई आंखों से संबंधित समस्या थी, तो वह भी दूर होगी। आस पड़ोस के किसी व्यक्ति से आपकी कहासुनी हो सकती है। यदि ऐसा हो, तो आप अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें, क्योंकि आपकी छोटी-छोटी बातों पर क्रोध करने की आदत आपकी टेंशनों को बढ़ाएगी।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए प्रभाव और प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आप खर्च थोड़ा सोच समझकर ही करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा, जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा। आपके मनमौजी स्वभाव के कारण कार्यक्षेत्र में कोई गड़बड़ी हो सकती है। आप अपने बिजनेस को ऊंचाई तक ले जाने की कोशिश में कामयाब रहेंगे।

**तुला** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। घर परिवार में सदस्यों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आपके किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने के योग बनते दिख रहे हैं। आपको कुछ महत्वपूर्ण मामलों में सावधान रहना होगा। आपकी खर्च करने के आदत आपका कोई भारी नुकसान करवा सकती है। संतान की फरमाइश पर आप किसी बड़े वाहन को लेकर आ सकते हैं। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा बिल्कुल ना करें।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी कोई पुरानी समस्या बढ़ सकती है, इसके लिए आपको कुछ टेस्ट आदि कराने पड़ सकते हैं। आपको भाइयों की सलाह पर चलना बेहतर रहेगा। दिन आपके लिए मिला-जुला रहेगा और आपकी किसी राजनीति के काम के और रुचि बढ़ सकती है, जिससे आपके एक साथ काफी काम हाथ लगेंगे, जो आपकी व्याकाग्रता को बढ़ा सकते हैं।

**धनु** आज का दिन आपके लिए धैर्य व संयम से काम लेने के लिए रहेगा, जिससे आपके कुछ नए मित्र भी बन सकते हैं और आप बेवजह के कामों में ना पड़ें, आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगी। आप अपने सुख साधनों पर अच्छा खासा खर्चा करेंगे, लेकिन यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें, जिससे आपकी काफी मुश्किलें आसानी से कम होगी।

**मकर** आज आपको अपने खर्च को कंट्रोल करने के चलने की आवश्यकता है। आपके मन में भटकाव रहने से आप इधर-उधर के मामलों को लेकर लापरवाही भी दिखा सकते हैं। अधिकारियों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आपका कोई अटका हुआ काम पूरा होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है।

**कुंभ** आज का दिन आपके लाभदायक रहने वाला है। परिवार के सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। यदि आप किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी करने की सोच रहे थे, तो वह आपके लिए बेहतर रहेगी। जीवनसाथी से आपकी किसी बात को लेकर खटपट होने की संभावना है। व्यापार कर रहे लोगों को काम समझने में समस्या आएगी, जिससे आपकी मुश्किल में भी दूर होगी। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपके व्याकाग्रता बढ़ सकती है।

**मीन** आज आपको कामों को लेकर यदि कोई टेंशन थी, तो उसे भी आप आसानी से दूर कर सकेंगे। आप अपनी संतान के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। ऑनलाइन शॉपिंग कर रहे लोगों के साथ कोई फ्रॉड हो सकता है। आपकी किसी बात को लेकर आपके मन में कलह बनी रहेगी। आप अपने घरेलू मामलों को घर में ही निपटाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा और सेहत को लेकर आपको थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है।

# बिहार में तेजस्वी के नाम पर मुहर मजबूरी भरी स्वीकृति

ललित गर्ग



बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान की तिथियां जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है, चुनाव के सतरंगी रंग देखने को मिल रहे हैं। बिहार की राजनीति में आखिरकार उस घोषणा का रंग भी देखने को मिल ही गया, जिसका सबको इंतज़ार था। आखिरकार तेजस्वी यादव को महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित कर दिया गया है। यह निर्णय 'देर आए, दुरुस्त आए' की कहावत को चरितार्थ करता है। लंबे समय से इस पर राजनीतिक अटकलें लगाई जा रही थीं कि कांग्रेस क्या तेजस्वी के नेतृत्व को खुले तौर पर स्वीकार करेगी या नहीं? अंततः उसने तेजस्वी पर भरोसा जताया, पर यह भरोसा एक प्रकार की मजबूरी भरी स्वीकृति भी लगती है, न कि उत्साहपूर्ण गठबंधन की रचनात्मक एकजुटता। यह घोषणा कांग्रेस नेता अशोक गहलोत की ओर से की गई। इसी के साथ विकासशील इंसान पार्टी यानी वीआइपी के प्रमुख मुकेश सहनी को डिप्टी सीएम का चेहरा घोषित किया गया। अशोक गहलोत की इस घोषणा से पता चलता है कि बिहार में कांग्रेस की स्थिति मजबूत नहीं है, उसने मुख्यमंत्री का चेहरा अनिच्छा से ही उजागर नहीं किया था, इस अनिच्छा से यही झलका कि कांग्रेस अभी भी गठबंधन राजनीति के धर्म का मर्म समझने में उलझी है, यह राहुल गांधी की नाकाम राजनीति का भी द्योतक है, ऐसे मामलों में वे अपरिपक्वता का ही परिचय देते रहे हैं।

क्या कांग्रेस ऐसा कुछ मानकर चल रही थी कि महागठबंधन के जीतने की सूरत में तेजस्वी यादव के अतिरिक्त अन्य कोई मुख्यमंत्री का दावेदार हो सकता है? उसे यह नहीं भूलना चाहिए कि वह बिहार में अपनी राजनीतिक महत्ता बनाए रखने के लिए राजद पर ही निर्भर है। उसकी ऐसी ही निर्भरता अन्य राज्यों में भी वहां के क्षेत्रीय दलों पर है। जब तक वह अपने बलबूते चुनाव लड़ने की सामर्थ्य नहीं जुटा लेती, तब तक उसे उन्हें दबाव में लेने की चेष्टा नहीं करनी चाहिए। उसके पास न प्रभावशाली चेहरा है, न जनाधार। हाल के चुनावों में उसका प्रदर्शन लगातार निराशाजनक रहा है। ऐसे में कांग्रेस के पास कोई विकल्प नहीं था कि वह नेतृत्व की भूमिका की बजाय सहयोगी भूमिका निभाए। तेजस्वी यादव के रूप में राजद आज बिहार में विपक्ष की सबसे बड़ी ताकत है। यह भी एक वास्तविकता है कि जिस तरह से नीतीश कुमार का जनाधार खिसक रहा है, तेजस्वी उस रिक्त स्थान को भरने की क्षमता रखते हैं। तेजस्वी यादव ने पिछले कुछ वर्षों में अपने नेतृत्व को निखारा है। उन्होंने 'नौकरी, विकास और सम्मान' जैसे मुद्दों को अपने राजनीतिक विमर्श का केंद्र बनाया है। उनकी भाषा में युवाओं की बेचैनी, बेरोज़गारी का दर्द और अवसरों की तलाश झलकती है। बिहार के युवा अब जातीय राजनीति से ऊपर उठकर रोज़गार और जीवन की गुणवत्ता के सवाल पूछने लगे हैं, और तेजस्वी इन्हीं सवालों को अपनी ताकत बना रहे हैं। हाल के वर्षों में उनके तेवर में जो परिपक्वता आई है, वह बताती है कि वे अब सिर्फ 'लालू के पुत्र' नहीं, बल्कि स्वयं का राजनीतिक ब्रांड बन चुके हैं। उनका 'जनादेश' अब सिर्फ परंपरा या पारिवारिक विरासत पर आधारित नहीं है, बल्कि नये बिहार की आकांक्षाओं से जुड़ने की कोशिश है।

एनडीए ने पहले ही अपने पत्ते खोल दिए थे और सीट बंटवारे की घोषणा कर दी थी। लेकिन, उन्होंने किसी एक चेहरे को मुख्यमंत्री उम्मीदवार के तौर पर पेश नहीं किया है। यह अपने आप में एक बड़ा बदलाव है, क्योंकि पिछले दो दशकों से नीतीश कुमार ही एनडीए का चेहरा रहे हैं। महागठबंधन ने तेजस्वी को सीएम उम्मीदवार बनाकर एनडीए पर दबाव बनाने की कोशिश की है। यह चुनाव बिहार के लिए बहुत महत्वपूर्ण एवं दिलचस्प है और इसमें वादों का दौर भी जारी है। नीतीश सरकार ने कई घोषणाएं की हैं, तो वहीं तेजस्वी यादव ने भी जनता से कई वादे किए हैं। महागठबंधन का घोषणापत्र आने वाला है, जिसमें कई बड़े वादे होने की उम्मीद है। यह देखना दिलचस्प होगा कि जनता किस वादे पर भरोसा करती है और बिहार का अगला मुख्यमंत्री कौन बनता है। ताजा परिदृश्यों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा के विकास की राजनीति ही बढ़त बनाये हुए है। भाजपा ने बिहार में धीरे-धीरे अपना जनाधार बढ़ाया है, अब भी वह स्वतंत्र चुनाव न लड़कर क्षेत्रीय दलों के सहारे आगे बढ़ रही है। भले ही नीतीश कुमार, जिन्होंने वर्षों तक 'सुशासन बाबू' की छवि से राजनीति की, अब थके हुए और अविश्वसनीय से प्रतीत होने लगे हैं। बार-बार गठबंधन बदलने, राजनीतिक अवसरवाद और प्रशासनिक निष्क्रियता ने उनकी साख को गहरी चोट पहुंचाई है। जनता अब बदलाव चाहती है। यह बदलाव किस रूप में सामने आयेगा, यह भविष्य के गर्भ में हैं। यदि यह बदलाव तेजस्वी के नेतृत्व में संभव होता है तो यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक पीढ़ी परिवर्तन भी होगा। हालांकि तेजस्वी के चेहरे पर सहमति एक सकारात्मक संकेत है, लेकिन यह गठबंधन की एकजुटता की गारंटी नहीं। कांग्रेस और वाम दलों के बीच सीट बँटवारे को लेकर असहमति फिर उभर सकती है। बिहार का मतदाता जातीय समीकरणों से प्रभावित रहता है, और भाजपा-जेडीयू गठबंधन इस बिंदु पर अब भी मजबूत स्थिति में है। इसके अलावा, तेजस्वी को छवि सुधार और जनसंपर्क के नए मॉडल पर भी काम करना होगा- भ्रष्टाचार, परिवारवाद और अस्थिरता के पुराने आरोपों से वे अब भी पूरी तरह मुक्त नहीं हुए हैं। अगर वे इस बार भी भावनाओं की राजनीति पर अटके रहे, तो जनता का भरोसा खिसक सकता है।

तेजस्वी यादव का मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनना बिहार की राजनीति में एक जनसांस्कृतिक परिवर्तन का संकेत भी है। यह निर्णय दिखाता है कि अब राजनीतिक विमर्श का केंद्र युवा आकांक्षाओं, आर्थिक अवसरों और विकास की बराबरी की ओर बढ़ रहा है। कांग्रेस का झुकना केवल राजनीतिक गणित नहीं, बल्कि यह स्वीकारोक्ति है कि अब बिहार में नई पीढ़ी के नेतृत्व से ही राजनीतिक भविष्य तय होगा। तेजस्वी यादव का उदय केवल एक व्यक्ति की उपलब्धि नहीं है, बल्कि बदलते समय की पुकार है। बिहार की जनता लंबे समय से ठहरे हुए शासन और खोखले वादों से थक चुकी है। अब वह ऐसे नेतृत्व की तलाश में है जो न केवल सत्ता चाहता हो, बल्कि संवेदना और संघर्ष का प्रतीक भी बने। कांग्रेस ने भले ही देर से यह निर्णय लिया हो, पर यदि महागठबंधन इस घोषणा को एकजुट रणनीति में बदल सके, तो यह बिहार की राजनीति में एक नया अध्याय खोल सकता है, जहाँ देर आए, पर दुरुस्त आए केवल कहावत नहीं, बल्कि राजनीतिक सच्चाई बन जाए।

तेजस्वी यादव को सीएम पद का प्रत्याशी घोषित करने के साथ-साथ वीआइपी प्रमुख मुकेश सहनी को जिस तरह डिप्टी सीएम के रूप में आगे लाया गया, उससे उनकी राजनीतिक हैसियत का अनुमान लगता है, लेकिन उनकी पार्टी तो महज 15 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और कांग्रेस उससे चार गुने से अधिक सीटों पर। हालांकि अशोक गहलोत ने यह स्पष्ट किया है कि और भी डिप्टी सीएम बनाए जाएंगे, पर इससे यह संदेश ओझल नहीं होता कि कांग्रेस की राजनीतिक ताकत वीआइपी से भी कम है। निःसंदेह अशोक गहलोत की घोषणा से महागठबंधन और विशेष रूप से उसका नेतृत्व कर रहे राजद को लाभ मिल सकता है, लेकिन यह कहना सही नहीं होगा कि अब इस गठबंधन में सब कुछ सही हो गया है। महागठबंधन के 10 से अधिक प्रत्याशी एक-दूसरे के सामने हैं। महागठबंधन की राजनीति चुनाव होने एवं चुनाव परिणाम के बाद भी कई रंग बदलेगी, इसलिये उसकी डगर निष्कंटक तो नहीं कही जा सकती। महागठबंधन के जीतने की सूरत में तेजस्वी यादव के अतिरिक्त अन्य कोई मुख्यमंत्री का दावेदार हो सकता है, यह भी प्रश्न तेरता रहेगा। फिलहाल तेजस्वी के मुख्यमंत्री का फैसला महागठबंधन के लिए एक बड़ी जीत है क्योंकि इससे उनकी एकजुटता का संदेश पूरे बिहार में जाएगा।

## एक नजर

### पीएम की मौजूदगी में हुए जगदलपुर-रावघाट रेल लाइन एमओयू के 11 वर्ष बाद जारी हुआ सर्वे आदेश अधर में

**जगदलपुर,25 अक्टूबर।** रेल मंत्रालय ने मेसर्स मोनार्क सर्वेयर्स एंड इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स लिमिटेड, पुणे की कंपनी को जगदलपुर से रावघाट 140 किलोमीटर रेल लाइन पर सर्वे के साथ अनेक निर्माण कार्य का आदेश जारी कर दिया है। वहीं बिलासपुर और विशाखापटनम रेल प्रबंधक को आदेशित किया गया है कि, संबंधित कंपनी को साइट में श्रमिक, मशीनरी और अन्य उपकरण लाने की अनुमति दें । एजेंसी को उपरोक्त परियोजना के लिए इंजीनियरिंग गतिविधियाँ, स्तंभों की ढलाई और उन्हें उपयुक्त स्थानों पर स्थापित करना, भू-तकनीकी जांच, समतलीकरण कार्य, डीजीपीएस सर्वेक्षण, टोटल स्टेशन, ड्रोन लिडार सर्वेक्षण और एफएलएस के अन्य संबद्ध कार्य करने के लिए कहा गया है। बताया गया कि यह आदेश सितंबर महीने की 18 तारीख को ही जारी कर दिया गया था, किंतु बारिश के चलते इस दिशा में कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। बारिश थमते ही अब पुणे की उक्त कंपनी को तत्काल कार्य प्रारंभ करने 17 अक्टूबर को आदेशित किया गया है। विदित हो कि जगदलपुर से रावघाट के मध्य 140 किलोमीटर लंबी रेल लाइन बिछाने के लिए 11 वर्ष पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दंतेवाड़ा में एमओयू किया था, किंतु लगातार विवादों और मुआवजा प्रकरण के चलते इस रेल लाइन पर कार्य शुरू नहीं हो पाया था। अब भारतीय रेलवे ने पुणे की कंपनी को 140 किलोमीटर लंबे रेल मार्ग में आवश्यक पुल-पुलिया बनाने, रेलवे स्टेशनों का निर्माण करने, पहुंच मार्गों की व्यवस्था करने आदेशित किया है। यह भी बताते चलें कि जगदलपुर-रावघाट रेल लाइन के लिए 3500 करोड रुपए से अधिक की राशि जारी की गई है। जगदलपुर-रावघाट रेल लाइन का सपना बस्तर के लोगों का 7 दशक पुराना है, इस आदेश की जानकारी मिलने पर बस्तरवासियों में इसे लेकर जितनी खुशी होनी चहिए थी, उसकी जगह बस्तर के जनप्रतिनिधि के शिथिल प्रयास से मात्र सर्वे तक पहुंचने से इसके निर्माण में हो रही देरी से बस्तर के विकास की रफ्तार को कम करने की नाराजगी है।

### राज्योत्सव पर विभिन्न विभाग खेल मैदान में लगाएंगे प्रदर्शनी

**उत्तर बस्तर कांकेर, 25 अक्टूबर।** जिला मुख्यालय कांकेर के नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित राज्योत्सव के अवसर पर विभिन्न विभागों के द्वारा शासकीय योजनाओं एवं उपलब्धियों से संबंधित प्रदर्शनी लगाई जाएगी, साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा राज्योत्सव के नोडल अधिकारी श्री हरेश मंडावी ने विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों की बैठक लेकर राज्योत्सव के सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राज्योत्सव के अवसर पर वन विभाग, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, आदिम जाति कल्याण, पशु चिकित्सा, जिला पंचायत, समाज सेवा, ग्रामोद्योग, राजस्व एवं भू-अभिलेख, खनिज, औषधि, मत्स्य पालन, कृषि, उद्यानिकी, कृषि विज्ञान केन्द्र, कौशल विकास, नगरपालिका परिषद, ऊर्जा (क्रेडा), ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रेशम, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति-सहकारिता सहित विभिन्न विभागों के द्वारा विकास गतिविधियों को रेखांकित करते हुए प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

डंकनी नदी घाट पर छठवर्तियों के लिए साफ-सफाई व प्रकाश की व्यवस्था

# नहाय-खाय रस्म के साथ शुरू हुआ चार दिवसीय छठ महापर्व





**दंतेवाड़ा 25 अक्टूबर ।** सूर्य देवता की उपासना का पर्व छठ शनिवार को नहाय-खाय रस्म के साथ शुरू हो गया है जो आगामी 4 दिनों तक मनाया जाएगा। कल खरना व्रत रखा जाएगा जिसके बाद सोमवार शाम को अस्तालचगामी भगवान भास्कर को छठवर्ती अर्घ्य देंगे तदोपरांत अगली सुबह मंगलवार को उदयांचल सूर्य देवता को अर्घ्य अपर्ण के साथ चार दिवसीय छठ पर्व संपन्न होगा। छठ पर्व उत्तरप्रदेश व बिहार में काफी प्रचलित है। पर्व को लेकर भोजपुरी मैथिली समाज में काफी उत्साह देखा जा रहा है। पर्व के मद्देनजर डंकनी नदी घाट पर छठव्रतियों के पूजा अर्चना के लिए साफ सफाई व प्रकाश व्यवस्था की तैयारी की जा रही है।

सूर्य उपासना का पर्व मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश, बिहार एवं झारखण्ड में मनाया जाता है। कार्तिक शुक्ल की षष्ठी तिथि को मनाया जाने वाला छठ पर्व नगर के मिथिला व भोजपुरी समाज लोगों द्वारा हर वर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यह एक ऐसा पर्व है जिसमें ना केवल उदयांचल सूर्य की पूजा की जाती है बल्कि अस्ताचलगामी सूर्य को भी पूजा जाता है। छठ पूजा मुख्य रूप से चार दिनों का होता है। आज से पर्व की शुरूआत हो रही है। इसमे पहला दिन आज शनिवार 25 अक्टूबर को नहाय-खाय के रूप में मनाया जाएगा। छठव्रती महिलाओं द्वारा आज पारम्परिक रूप से अपने घरों की साफ सफाई किया जा रहा है। जिसके बाद शाम को नहा धोकर सात्विक भोजन ग्रहण किया जाएगा। आज के दिन परम्परानुसार देसी घी के साथ कद्दू की सब्जी और अरवा चांवल पकाकर खाया जाता है। कार्तिक शुक्ल पंचमी तिथि 26 अक्टूबर को छठ व्रती महिलाएं खरना उपवास रखेंगी तथा संध्या में पूजा के बाद खरना रस्म की अदायगी की जाएगी। खरना में व्रती शाम को मिट्टी या पीतल के बर्तन पर चावल और चने की दाल के साथ खीर-पुड़ी बना कर खाती है। खरना के बाद से ही 36 घण्टे का निर्जला उपवास प्रारंभ हो जाता है, जो तीसरे दिन सुबह सूर्य को अर्घ्य देने के बाद संपन्न होता है। कार्तिक शुकल की षष्ठी तिथि 27 अक्टूबर दिन सोमवार को नगर के डंकनी नदी घाट पर व्रतधारी महिलाएं सामूहिक रूप से डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना करेंगी। तदउपरांत मंगलवार को सुबह उदयांचल सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही व्रत का समापन हो जाएगा। पर्व को लेकर समाज के लोगों द्वारा वृहद तैयारी की जा रही है। नदी घाट में जेसीबी लगाकर मिटटी, रेत को लेबलिंग किया जा रहा है। घाट पर स्थित चौरों की भी रंगाई पुताई की जाएगी।

## मां काली की प्रतिमा स्थापित कर विधिविधान से की पूजा-अर्चना



**गीदम 25 अक्टूबर।** गीदम नगर में श्री श्री श्यामा काली सार्वजनिक उत्सव समिति द्वारा मां काली की प्रतिमा की स्थापना विधिविधान से की गई। इस आयोजन में समिति के अध्यक्ष विधान मंडल, नितेश गाइन, उपाध्यक्ष मनोरम विश्वास व दीपक मंडल, सचिव प्रणय बाला व दयाल विश्वास, सह सचिव प्राण मंडल, बंकीम व दीपक बोस, कोषाध्यक्ष सुजय घोष, अशोक और बंगीय समाज व अन्य समाज के लोगो ने सक्रिय भूमिका निभाई। गौरतलब है कि गीदम नगर में मां काली की प्रतिमा की स्थापना का यह आयोजन पिछले लगभग 20 वर्षों से बंगीय समाज द्वारा लगातार किया जा रहा है। इस पारंपरिक उत्सव में नगर और आसपास के क्षेत्र के करीब 80-90 परिवार मिलकर अपनी सहभागिता निभाते हैं। मां काली की पूजा-अर्चना के साथ यह पर्व तीन से पांच दिनों तक चलता है, जिसमें नगर के सभी समुदायों के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। 20 अक्टूबर, सोमवार की मध्य रात्रि को मां काली की प्रतिमा की स्थापना और पूजा विधिवत संपन्न हुई। 21 अक्टूबर, मंगलवार को भव्य आरती और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। 22 अक्टूबर, बुधवार को खिचड़ी भंडारा और 23 अक्टूबर, गुरुवार को खीर का भंडारा आयोजित किया गया । मां काली के दर्शन के लिए नगर और दूरदराज से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। शुक्रवार को मां काली की प्रतिमा का विधिवत विसर्जन कर इस भव्य आयोजन का समापन किया गया । मां काली की पूजा-अर्चना और भंडारे के आयोजन ने पूरे नगर को भक्ति और उल्लास के माहौल से भर दिया ।

## बाबा रामदेव मंदिर में छप्पन भोग लगाकर की गई गोवर्धन पूजा

**गीदम 25 अक्टूबर।** जिले के गीदम स्थित बाबा रामदेव मंदिर में बुधवार को गोवर्धन पूजा का आयोजन हुआ । इस मौके पर यहाँ गोवर्धन भगवान कि पूजा अर्चना की गई इसके साथ ही गौ माता की पूजा व राधे -कृष्ण भगवान की पूजा अर्चना छप्पन भोग लगाकर किया गया। वही इस आयोजन से पहले सुबह प्रभात फेरी भी निकाली गई जहां भारी संख्या में भक्तगण शामिल हुए । गौरतलब है कि कार्तिक मास में नगरवासियो, भक्तगणों द्वारा बाबा रामदेव मंदिर से प्रतिदिन सुबह प्रभात फेरी निकाली जाती है। भगवान कृष्ण की झांकी लिए यह प्रभात फेरी सुबह भगवान श्री कृष्ण के भजनों से गूंज उठती है जिसका समापन कार्तिक पूर्णिमा में कार्तिक स्न्नान करके किया जाता है । गोवर्धन पूजा से भी पूर्व यह प्रभात फेरी निकाली गई इसके पश्चात गोवर्धन पूजा विधि विधान से आयोजित हुई । इस दिन गौ माता की भी लोगो ने विशेष रूप से पूजा अर्चना की और गायों को खिचड़ी, चारा जैसे अन्य पकवान खिलाये गए।



## जिले में उज्जवला योजना का नया चरण शुरू 16,388 महिलाओं को मिलेगा निशुल्क गैस कनेक्शन

**बीजापुर 24 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत जिले की बीपीएल महिलाओं को एलपीजी गैस कनेक्शन, डबल बर्नर गैस स्टोव और प्रथम रिफिल सिलेंडर निशुल्क प्रदान किए जाएंगे। भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा जारी नवीन दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिला प्रशासन बीजापुर ने सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली हैं। जिला बीजापुर के लिए इस योजना के अंतर्गत कुल 16,388 नए उज्जवला कनेक्शन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विशेष रूप से नियद नेल्लानार क्षेत्र के चिन्हांकित ग्रामों के हितग्राहियों को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि इन क्षेत्रों के पात्र परिवारों को शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया जा सके।

24 अक्टूबर 2025 से जिले में विशेष उज्जवला शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जहाँ पात्र महिलाओं से आवेदन पत्र (प्रपत्र-ढ्ढढ्ढ) प्राप्त किए जाएंगे और वहीं पर ई-केवाईसी प्रक्रिया भी पूर्ण की जाएगी। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि अगले 7 दिवसों के भीतर निर्धारित की गई है। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला उज्जवला समिति का गठन किया गया है, जो योजना के सुचारू क्रियान्वयन, आवेदन पत्रों के परीक्षण, सत्यापन और समयबद्ध वितरण की मॉनिटरिंग करेगी। प्राप्त आवेदनों में से कम से कम 5 प्रतिशत आवेदनों का सत्यापन जिला समिति द्वारा किया जाएगा। योजना के तहत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि एक ही आवेदक के आवेदन दो अलग-अलग गैस एजेंसियों में जमा न हों, ताकि पात्र लाभार्थी किसी भी प्रकार से योजना के लाभ से वंचित न रहें। एजेंसी संचालकों, पंचायत सचिवों और उचित मूल्य दुकान संचालकों को आवेदन प्राप्त करने, केवाईसी कराने और पात्र हितग्राहियों को शिविर स्थल तक लाने-ले जाने में सहयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना का उद्देश्य महिलाओं को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराना और ग्रामीण क्षेत्रों में धुआँ-मुक्त रसोई सुनिश्चित करना है। जिला प्रशासन ने बताया कि पात्र हितग्राहियों को ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित विशेष वितरण शिविरों में जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में गैस कनेक्शन वितरित किए जाएंगे।

### खरीफ विपणन वर्ष 25-26 में धान उपार्जन की तैयारी तेज़

**बीजापुर 25 अक्टूबर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की सभी तैयारियाँ जिला प्रशासन बीजापुर की ओर से पूरी की जा रही हैं। भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार इस वर्ष औसत अच्छी किस्म (स्न्न..क्त) के धान के लिए समर्थन मूल्य धान कॉमन ?2369 प्रति क्विंटल तथा धान ग्रेड-ए ?2389 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। धान खरीदी की अवधि 15 नवंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक रहेगी। इस दौरान किसानों से नगद व लिंकिंग व्यवस्था के तहत धान की खरीदी की जाएगी। प्रति एकड़ अधिकतम 21 क्विंटल तक धान की खरीदी की सीमा तय की गई है। जिला प्रशासन ने बताया कि बायोमेट्रिक आधारित खरीदी प्रणाली के तहत आवश्यक तैयारियाँ गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी की जा रही हैं। साथ ही, पुराने जूट बारदानों की व्यवस्था पीडीएस एवं मिलर्स के माध्यम से सुनिश्चित की जा रही है। मिलर्स के पास उपलब्ध बारदानों का भौतिक सत्यापन और सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि का कार्य भी प्रगति पर है।

## शातिर चोर एक के बाद एक चोरी की घटना को दे रहा अंजाम

- पुलिस लाठी पीट रही, शातिर चोर तोड़ रहा है हर रोज कहीं ना कहीं ताला
- चोरी की घटना को रोक पाने में पुलिस नाकाम, व्यापारियों की टेंशन बढ़ी




**दंतेवाड़ा 25 अक्टूबर।** धर्म नगरी दंतेवाड़ा में इन दिनों चोरी की घटना हो रही है। जेल से फरार एक शातिर चोर आए दिन किसी न किसी दुकान का ताला तोड़ रूपए उड़ा ले जा रहा है। सीसीटीवी में फुटेज देखकर भी पुलिस शातिर चोर के गिरेबां तक नहीं पहुंच पा रही है। नगर में लगातार हो रही चोरी की वारदात से यहां के व्यापारी समेत आम लोग भी दहशत में है। कभी किसी दुकान का ताला टूट रहा है तो कभी किसी के घर से बाईक चोरी हो रही है। आखिर कौन सा गिरोह है जो इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहा है। लूट पिट जाने के बाद लोग पुलिस के पास जाकर रिपोर्ट तो दर्ज करवा रहे हैं मगर पुलिस है कि सबकुछ देखते हुए भी चोर तक पहुंच नहीं पा रही। लगातार हो रही चोरी की घटना से नगरवासी आक्रोशित हैं। पुलिस से चोरों को जल्द से जल्द पकड़ने की गुहार लगा रहे हैं।

नगर में चोरी की घटना पर अगर एक नजर डालें तो बीते पखवाड़े भर में नगर के कई दुकानों का ताला शातिर चोर महेंद्र दीवान तोड़ चुका है। यह वहीं शातिर चोर है जो कारली स्थित सीएएफ के केंटिन में घुसकर ताला तोड़कर लॉकर से 8 लाख रूपए चुरा ले गया था। जिसके बाद बड़ी मशक्कत से पुलिस ने उसे पकड़कर जेल पहुंचाया था। लेकिन जेल में की सलाखें भी चोर महेंद्र दीवान को ज्यादा समय तक अपने आगोश में न रख सकी। 6 महिने जेल में रहने के बाद 03 अप्रैल 2025 को वह जेल की दीवार फांदकर फरार होने में कामयाब हो गया। जिसके बाद से नगर में फिर से चोरी की घटना बढ़ गई है। चोर महेंद्र दीवान सीएएफ का जवान रह चुका है। नौकरी छोड़कर वह चोरी की घटना को अंजाम देने में लग गया था। अभी हाल ही में नगर के कतियाररास के एक किराना दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुसा था और चोरी की घटना को अंजाम दिया था जिसके सीसीटीवी फुटेज में महेंद्र दीवान का चेहरा चोरी करते हुए कैमरे में कैद हुआ था। जिसके बाद ताज किराया स्टोर में भी छत की सीट खोलकर अंदर दाखिल होकर गल्ला से 35 हजार रूपए उड़ा ले गया। अगले कुछ दिनों बाद कतियाररास स्थित श्रीदेवी मेडिकल एवं अस्पताल रोड स्थित श्री मेडिकल स्टोर का भी ताला तोड़कर नकद राशि उसने उड़ा ली। भांसी की एक दुकान में भी दीवान ने चोरी की है। तमाम घटनाओं के बावजूद भी पुलिस शातिर चोर महेंद्र दीवान को पकड़ा नहीं पा रही है। महेंद्र दीवान लोगों के लिए दहशत का पर्याय बनता जा रहा है। वह जेल से फरार हुआ था लिहाजा पुलिस उसे 7 माह बाद भी नहीं पकड़ पाई है। जब तक महेंद्र दीवान को पकड़ नहीं लिया जाता तब तक चोरी की घटनाएं इसी तरह अनवरत आगे भी होती रहेंगी। लोगों को सतर्क, अलर्ट एवं चौकन्ना रहने की आवश्यकता है।

## म्यूल खाते का प्रयोग कर 72 करोड़ का ट्रांजेक्शन करने वाले 2 गिरफ्तार

**कोंडागांव , 24 अक्टूबर ।** सेंट्रल बैंक कोंडागांव से संचालित खाता नंबर 5660383552 के विरूद्ध सायबर पुलिस पोर्टल में भारत के विभिन्न राज्यों के कुल 41 स्थानों से शिकायत दर्ज कराया गया है, उक्त खाता का ट्रांजेक्शन डिटेल का अवलोकन करने पर कुल 7209424.00 रुपये का अवैध ट्रांजेक्शन हुआ है।कोण्डागांव पुलिस ने म्युल खाता धारक 2 आरोपियों रमेश मरकाम पिता स्व. चैतुराम मरकाम उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम रांधना देवहरदुली थाना फरसगांव जिला कोण्डागांव एवं दसरू कांगे पिता सनउ कांगे उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम चांदाबेड़ा थाना बड़े डोंगर जिला कोण्डागांव को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1. बीएमडब्लू बाईक 1 नग बाजार मूल्य 3 लाख रूपये, 2. सैमसंग कंपनी का लैपटाप 1 नग, 3. एप्पल कंपनी का आईफोन मोबाईल 2 नग, 4. सैमसंग अल्ट्रा मोबाईल - 1 नग, 5. मोटोरोला कंपनी का मोबाईल 1 नग, 6. विवो कंपनी का मोबाईल 1 नग, 7. सिलपैड 7 नग, पासबुक 9 नग, चेक बुक 3 नग, एटीएम कार्ड 13 नग विभिन्न बैंकों का जप्त किया गया है। विदित हो कि इससे पूर्व भी 2 आरोपियों 1. रविकांत साहू पिता रमेश कुमार साहू उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम सरोना थाना सरोना जिला कांकेर, एवं 2. चंद्रशेखर नायक पिता।



## बैलाडीला व्यापारी कल्याण संघ चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

**किरंदुल 25 अक्टूबर।** औद्योगिक नगर किरंदुल में आज व्यापारियों के संगठन बैलाडीला व्यापारी कल्याण संघ के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन बड़ी ही हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में किया गया। चुनाव संचालन समिति की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ व्यापारियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री बब्लू सिद्दिकी थे, चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया।उनके साथ वरिष्ठ पत्रकार श्री रवि सरकार, पूर्व अध्यक्ष श्री मंजू छेलिवाल, तथा चुनाव संचालन समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित रहे। झमाझम बारिश के बावजूद व्यापारियों में जोश और एकजुटता की मिसाल देखने को मिली। बैलाडीला व्यापारी कल्याण संघ का यह चुनाव सिर्फ़ संगठनात्मक प्रक्रिया नहीं, बल्कि किरंदुल के व्यापारिक जगत में एक नई जागृति की शुरुआत है।




### बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय

हाल ही में 18 अक्टूबर 2025 को बस स्टैंड स्थित कार्यालय में हुई महत्वपूर्ण बैठक में चुनाव की रूपरेखा एवं सदस्यता अभियान पर विस्तृत चर्चा की गई।
बैठक का संचालन चुनाव संचालन समिति ने किया, और माहौल उत्साहपूर्ण होने के साथ-साथ निर्णय गंभीर एवं दूरदर्शी थे।

मुख्य बिंदु

1. सहकारिता सदस्यता अभियान अब 15 अक्टूबर 2025 तक चलेगा — हर व्यापारी को संघ से जुड़ने का सुनहरा अवसर।
2. स्वयं स्वच्छता अभियान धनतेरस और दीपावली के अवसर पर चलाया जाएगा, जिससे बाजार स्वच्छ, सुंदर और अनुशासित बने।
3. चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं निष्पक्ष होगी — प्रत्याशी अपने दस्तावेज़ व फोटो निर्धारित तिथियों में जमा करेंगे।
4. किरंदुल के व्यापारी अब केवल व्यापार नहीं, बल्कि अपनी एकता और स्वाभिमान की नई कहानी लिखेंगे।

गांव में जनचौपाल लगाकर की ग्रामीणों से की चर्चा, 20 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण की दी स्वीकृति

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दूरस्थ ग्राम नंबी में सड़क निर्माण का किया भूमिपूजन

**बीजापुर, 25 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री श्री विजय शर्मा आज बीजापुर जिले के अत्यंत सुदूर नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम नंबी पहुंचे। उन्होंने यहां नंबी चौक से नंबी जलप्रपात पर्यटन स्थल तक 94.48 लाख रुपये की लागत से बनने वाली डब्ल्यूबीएम सड़क का भूमिपूजन किया। यह सड़क गांव से नंबी जलप्रपात तक सीधे जाएगी। जिससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने मोटर सायकिल पर सवार होकर रोड निर्माण हेतु सड़क का भी निरीक्षण किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि बस्तर अब एक नई दिशा में बढ़ रहा है, जहां पर्यटन क्षेत्र के विकास के द्वारा कभी नक्सल आतंक से पीड़ित गांव अब पर्यटन हब के रूप में विकसित हो रहा है। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों के साथ जनचौपाल लगाकर सीधे संवाद किया। उन्होंने शासन की योजनाओं जैसे महतारी वंदन योजना, धान खरीदी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि के बारे में जानकारी देते हुए ग्रामीणों को इन योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने अधिकारियों को युवाओं को सीएससी सेंटर संचालन के लिए प्रशिक्षण दिलाने और किसानों के विशेष शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों की मांग अनुरूप नंबी गांव में 20 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति भी प्रदान की।

उन्होंने नंबी जलधारा पर्यटन समिति के द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन के साथ मिलकर किये जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर नंबी जलधारा समिति के अध्यक्ष श्री गजेंद्र ने बताया कि स्थानीय ग्राम के 24 युवा सदस्यों द्वारा नंबी जलप्रपात का संचालन एवं देखरेख किया जा रहा है। पिछले चार महीनों में जलप्रपात को देखने 20 हजार से अधिक पर्यटक आये हैं। जिससे समिति के युवाओं को चार लाख रुपए से अधिक की आमदनी हुई है। यहां ना सिर्फराज्य के स्थानीय पर्यटक अपितु जर्मनी एवं अन्य देशों से भी विदेशी पर्यटक भी अब पहुंच रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए युवाओं को प्रोत्साहित किया।

श्री शर्मा ने कहा कि दो वर्ष पूर्व नंबी में सुरक्षा कैंप स्थापित हुआ। जिसके बाद से अब तक गांव में बिजली, पानी और स्कूल जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंच चुकी हैं। बीजापुर अब विकास की राह पर अग्रसर है। सरकार की पुनर्वास नीति के चलते बड़ी संख्या में लोग हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौट रहे हैं। वह दिन दूर नहीं जब बस्तर पूरी तरह हिंसा मुक्त होगा।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने सुरक्षा कैंप स्थापित होने के बाद गांव में हुए विकास कार्यों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में दंतेवाड़ा विधायक श्री चैतराम अटामी, जिला पंचायत सदस्य शंकरैया माड़वी, उसूर जनपद पंचायत अध्यक्ष पूर्णिमा तेलम, एडीजी नक्सल ऑपरेशन श्री विवेकानंद सिन्हा, बस्तर संभाग आयुक्त श्री डोमन सिंह, आईजी बस्तर श्री सुंदरराज पी., डीआईजी श्री कमलोचन कश्यप, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र यादव, डीएफओ श्री रंगानाथन रामकृष्णन वाय, सरपंच गलगम श्रीमती सुशीला काका जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

**सुरक्षा बलों का बढ़ाया मनोबल:** छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री श्री विजय शर्मा आज बीजापुर जिले के अति संवेदनशील और दूरस्थ क्षेत्र नंबी पहुंचे। उन्होंने यहां सीआरपीएफ कैंप नंबी का दौरा कर सुरक्षा बल के जवानों से मुलाकात की और माओवाद प्रभावित इलाकों में उनके अदम्य साहस एवं सेवा भावना की सराहना की। उपमुख्यमंत्री ने जवानों के साथ फोटो सेशन कर उनका मनोबल बढ़ाया और कहा कि राज्य सरकार जवानों की सुरक्षा, सुविधा और सम्मान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बस्तर के विकास और शांति स्थापना में आपकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर उन्होंने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत कैंप परिसर में वृक्षारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हर जवान एक पेड़ लगाकर प्रकृति और जीवन के प्रति जिम्मेदारी निभा सकता है।

## एक नजर

### मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने न्यायालयीन व्यवस्था का लिया जायजा

**रायगढ़, 25 अक्टूबर ।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति श्री रमेश सिन्हा आज शुक्रवार को रायगढ़ पहुंचे। उनके आगमन पर जिला न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार जैन, न्यायिक अधिकारीगण, प्रशासनिक अधिकारीगण एवं अधिवक्तागण ने उनका आत्मीय स्वागत किया।इस अवसर पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी तथा पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने भी मुख्य न्यायाधिपति का स्वागत करते हुए न्यायालयीन कार्यों की संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की।निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायाधिपति ने जिला न्यायालय के विभिन्न अनुभागों का अवलोकन किया तथा न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक में लंबित प्रकरणों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में तेजी लाने, पुराने मामलों के शीघ्र निराकरण और न्याय वितरण प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सभी अधिकारीगण समर्पित भाव से कार्य करें। मुख्य न्यायाधिपति ने न्यायालयीन भवनों के रख-रखाव और स्वच्छता व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुव्यवस्थित न्यायालयीन वातावरण से न केवल कार्यकुशलता बढ़ती है, बल्कि न्याय पाने आने वाले नागरिकों में भी विश्वास सुदृढ़ होता है। इस दौरान जिला अधिवक्ता संघ रायगढ़ की ओर से माननीय मुख्य न्यायाधिपति का स्वागत किया गया।

### सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 30 अक्टूबर

**रायगढ़, 25 अक्टूबर ।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में कक्षा 6वीं और 9वीं में बालक एवं बालिकाओं के प्रवेश हेतु अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा किया जाएगा। सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक विद्यार्थी राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की अधिकृत वेबसाइटhttps://e&ams.nta.nic.in/registration-for-aissee-w®w{-e&amination/ पर 30 अक्टूबर 2025, शाम 5 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। सैनिक स्कूल अम्बिकापुर से संबंधित विभिन्न गतिविधियों, प्रवेश प्रक्रिया और अन्य विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइटwww.sainikschoolambikapur.org.in का अवलोकन कर सकते हैं।

### ग्राम खड़सा एवं मोहकम रेत खदान उत्खनन पट्टा आबंटन के लिए इलेक्ट्रॉनिक नीलामी 20 नवंबर तक

**महासमुंद 25 अक्टूबर ।** कलेक्टर कार्यालय (खनिज शाखा) महासमुंद द्वारा छत्तीसगढ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के नियम-7 अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से महासमुंद तहसील अंतर्गत ग्राम खड़सा एवं मोहकम रेत खदान उत्खनन पट्टा आबंटन किया जाना है। जिसके लिए अर्हता प्राप्त इच्छुक बोलीदारों का निविदा आमंत्रित किया गया है।खनिज अधिकारी ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) हेतु तकनीकी एवं वित्तीय बोली 14 नवंबर से 20 नवंबर 2025 कुल 07 दिवस तक जमा की जाएगी। बोलियां केवल ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी।

### बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय घोषित किए जाने 6 नवंबर तक दावा आपत्ति आमंत्रित

**महासमुंद 25 अक्टूबर ।** महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देश के परिपालन में जिले में बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय घोषित करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्री टिक्केंद्र जटवार ने बताया कि ऐसे ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त घोषित किया जाना है जहाँ विगत दो वर्षों वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में किसी भी प्रकार का बाल विवाह प्रकरण संज्ञान में नहीं आया हो। जिला महासमुंद अंतर्गत 232 ग्राम पंचायतों एवं 02 नगरीय निकायों से इस संबंध में नियमानुसार प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त घोषित कर प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। वेबसाइट www.mahasamund.gov.in पर उपलब्ध है। साथ ही यह सूची जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जनपद पंचायतों एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी के कार्यालयों के सूचना पटल पर भी चस्पा की गई है। यदि किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को सूची में सम्मिलित किसी ग्राम पंचायत या नगरीय निकाय के संबंध में आपत्ति हो अथवा किसी प्रकार का बाल विवाह प्रकरण संज्ञान में हो, तो वे 6 नवम्बर 2025 को शाम 5.30 बजे तक जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास महासमुंद में कार्यालयीन समय में लिखित रूप में सुसंगत दस्तावेजों सहित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

### विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियों पर मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के सम्मेलन का समापन

**जांजगीर-चांपा 25 अक्टूबर ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों का दो दिवसीय सम्मेलन नई दिल्ली में इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्टोरल मैनेजमेंट में संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने की, जिसमें निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी मौजूद थे। देश भर के राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों ने इस सम्मेलन में भाग लिया।आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को अपने-अपने राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियों को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया। आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा एसआईआर प्रक्रिया पर प्रस्तुतीकरण के बाद, मुख्य निर्वाचन अधिकारियों द्वारा उठाए गए प्रश्नों का भी स्पष्टीकरण किया गया। आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पहले जारी किए गए निर्देशों पर हुई प्रगति का आकलन किया, जिसमें उन्हें वर्तमान मतदाताओं का मिलान राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में पिछले एसआईआर के अनुसार मतदाताओं से करना था।

# जिले में चल रहे सभी विकास एवं निर्माणाधीन कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा करें:कलेक्टर



**रायगढ़, 25 अक्टूबर ।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि बारिश का सीजन समाप्त हो गया है। जिले में चल रहे सभी विकास एवं निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र गति प्रदान करते हुए उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों की नियमित निगरानी और गुणवत्ता परीक्षण सुनिश्चित करें, ताकि समय-सीमा के भीतर परिणाम दिखाई दें। कलेक्टर ने जिले में बेस ऑयल की बिक्री पर तुरंत रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि बेस ऑयल के अवैध भंडारण और विक्रय पर सख्त निगरानी रखी जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक के दौरान विभागवार कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार से लापरवाही एवं कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने जनदर्शन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से परीक्षण कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

### राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाएं

कलेक्टर ने राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए बंटवारा, नामांतरण, सीमांकन, स्वामित्व योजना, त्रुटि सुधार सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए लंबित मामलों में तेजी से प्रगति सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी 15 नवम्बर से प्रारंभ होगी, जिसके लिए सभी उपार्जन केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएँ, माप-तौल, भंडारण, बिजली, पेयजल, तौल कांटा, परिवहन और सुरक्षा ,समय रहते सुनिश्चित की जाएं।

### जल जीवन मिशन के कार्यों को प्राथमिकता से करें पूर्ण

कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि यह सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने इस योजना के तहत प्रत्येक घर में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मिशन मोड में काम करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि जो विद्यार्थी लंबे समय से विद्यालय से अनुपस्थित हैं या किसी विषय में कमजोर हैं, ऐसे बच्चों की पहचान कर उन पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे विद्यार्थियों के व्यवहार या स्वभाव में परिवर्तन दिखाई देने पर शिक्षकों को नियमित रूप से उनकी काउंसलिंग और मार्गदर्शन करना चाहिए, ताकि वे पुनः नियमित रूप से अध्ययन में रुचि लें और बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

### राज्योत्सव की तैयारी की भी हुई समीक्षा

कलेक्टर ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 2 से 4 नवम्बर तक जिला मुख्यालय के शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम रायगढ़ में राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को रजत जयंती वर्ष पर आयोजित होने वाली राज्योत्सव की सम्पूर्ण तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर लगाए जाने वाले विभागीय स्टॉल की तैयारी की भी जानकारी ली और सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को दायित्वों को बेहतर निर्वहन करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे, आयुक्त नगर निगम श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय, अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, श्री रवि राही सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# एसीसी व जेके लक्ष्मी साइडिंग रेल लाइन पर मालगाड़ी के बोगी पटरी से उतरे



**भिलाई, 25 अक्टूबर।** भिलाई से अहिवारा तक एसीसी एवं जेके लक्ष्मी साइडिंग के लिए बिछाई गई रेल लाइन पर शनिवार को तड़के करीब 3 बजे मालगाड़ी के चार बोगी पटरी से उतर गई। यह मालगाड़ी नंदिनी अहिवारा में स्थित जेके लक्ष्मी सीमेंट प्लांट से सीमेंट लोड कर भिलाई-3 की ओर आ रही थी। इस लाइन का उपयोग केवल एसीसी अडानी और जेके लक्ष्मी प्लांट से सीमेंट और कच्चे माल की परिवहन के लिए होता है। मालगाड़ी का परिचालन धीमी गति से किया जाता है। मालगाड़ी की गति धीमी होने की वजह से बड़ा हादसा टल गया। घटना की जानकारी लगते ही रेलवे का अमला मौके पर पहुंचा एवं हाइड्रोलिक जैक के माध्यम से बैगन के पहिए को पटरी पर फिर से लाया गया। पूरी तरह से जांच के बाद मालगाड़ी को आगे की ओर रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि इस रेलवे साइडिंग पर सिंगल लाइन ही है। यात्री ट्रेनों की आवाजाही नहीं होती। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक जामुल साइडिंग से भिलाई की ओर आने वाली एक सीमेंट लोडेड गाड़ी का डिरेलमेंट भिलाई स्टेशन होम सिग्नल के पास घटनास्थल किलोमीटर संख्या 852/2 ए के पास हुआ है प्रथम दृष्टया जांच में किसी प्रकार की आपराधिक हस्तक्षेप की संभावना नहीं पाई गई है, तथा मुख्य लाइन अवरुद्ध नहीं है।

# कलेक्टर ने जिलास्तरीय राज्य उत्सव समारोह की तैयारी की जानकारी ली

**मोहला 25 अक्टूबर ।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के अवसर पर 02 से 04 नवंबर तक आयोजित होने वाले राज्योत्सव समारोह के संबंध में आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह का आयोजन भव्य एवं गरिमामय ढंग से सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने जिला मुख्यालय मोहला के दशहरा मैदान में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह के आयोजन के तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भारती चंद्राकर, अपर कलेक्टर श्री जीआर मरकाम, एसडीएम मोहला श्री हेमेंद्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर श्री अमित नाथ योगी, डिप्टी कलेक्टर श्री डीआर ध्रुव सहित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह के सफल आयोजन हेतु विभिन्न विभागों को सौंपे गए दायित्वों को समय सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्योत्सव स्थल पर विभागीय प्रदर्शनी लगाई जाए, जिसमें विभागों की उपलब्धियाँ और विकास कार्यों को प्रदर्शित किए जाए।

कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने कृषि विभाग को पीएम किसान सम्मान निधि के संबंध में ई-केवाईसी एवं संदिग्ध प्रकरणों के भौतिक सत्यापन के निर्देश दिए। इसी प्रकार महिला बाल विकास विभाग को कुपोषण प्रबंधन के संबंध में गर्भवती महिलाओं पर विशेष ध्यान देते हुए कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन हेतु निर्देशित किया। उन्होंने शिक्षा एवं महिला बाल विकास विभाग को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना एवं रेडी-टू-ईट का शत-प्रतिशत प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना अंतर्गत बैंकों में लंबित प्रकरणों के अतिशीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

# जशपुर की जनजातीय संस्कृति ने जर्मन मेहमानों को किया मंत्रमुग्ध

**जशपुरनगर 25 अक्टूबर ।** जशपुर की जनजातीय संस्कृति ने जर्मन मेहमानों को किया मंत्रमुग्ध जशपुर की समृद्ध जनजातीय परंपराओं, बेमिसाल हस्तशिल्प और आत्मीय आतिथ्य ने जर्मनी से आए मेहमानों को गहराई से प्रभावित किया। श्री बर्नहार्ड और श्रीमती फ्रांजिस्का ने क्षेत्रीय स्टार्टअप ट्रिप्पी हिल्स के अनुभवात्मक पर्यटन कार्यक्रम के तहत यहां के जनजातीय समुदायों के जीवन, कला और संस्कृति को करीब से महसूस किया।यात्रा की शुरुआत हुई मलार समुदाय से, जो अपने सुंदर आभूषणों और हस्तनिर्मित उपयोगी वस्तुओं के लिए प्रसिद्ध है। बारीकी से बनाए गए ये शिल्प न केवल स्थानीय पहचान का प्रतीक हैं, बल्कि परंपरा और रचनात्मकता की गहराई को भी दर्शाते हैं। इसके बाद उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा जनजाति के जीवन शैली और रहन सहन खान पान को देखा, जहां प्रकृति के साथ सामंजस्य में जीने की सीख हर पहलू में झलकती है।यात्रा का एक विशेष पड़ाव रहा अगरिया समुदाय, जो आज भी पारंपरिक लौह गलाने की प्राचीन तकनीक को जीवित रखे हुए हैं। धधकते भट्ठों और हाथ से चलने वाले औजारों के बीच इस शिल्प की झलक ने दोनों मेहमानों को अचंभित कर दिया।यात्रा का समापन हुआ जशपुर के स्थानीय जनजातीय हाट बाजार में, जहां रंग-बिरंगे वस्त्र, मिट्टी की खुशबू और पारंपरिक संगीत ने जनजातीय जीवन की विविधता को सजीव रूप में प्रस्तुत किया।इस अनूठे सांस्कृतिक आदान-प्रदान को सफल बनाने में कल्चर देवी और अनएक्सप्लॉरड बस्तर की संयुक्त भूमिका रही। उनके सहयोग से न केवल विदेशी मेहमानों ने जशपुर की आत्मा को महसूस किया, बल्कि स्थानीय समुदायों को भी अपने हुनर और संस्कृति को साझा करने का अवसर मिला।यह यात्रा इस बात का सशक्त प्रमाण बनी कि जशपुर की संस्कृति केवल इतिहास नहीं, बल्कि एक जीवित, सांस लेती विरासत है,

### दावा-आपत्ति 31 अक्टूबर तक

**धमतरी, 25 अक्टूबर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी के तहत सोरिद वार्ड, जोधापुर वार्ड और हटकेशर वार्ड में पालना घर कार्यकर्ता एवं सहायिका पद की भर्ती के लिए आवेदन मंगाए गए थे। परियोजना अधिकारी ने बताया कि मूल्यांकन चयन समिति द्वारा जारी प्रावधिक मूल्यांकन पत्रक नगरपालिक निगम कार्यालय, एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी कार्यालय और संबंधित वार्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र में चस्पा किया गया है। इस संबंध में कलेक्टोरेट के पीछे स्थित एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी कार्यालय आगामी 31 अक्टूबर तक दावा-आपत्ति आमंत्रित किए गए हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार के दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# आयुक्त आज सुबह पहुचे टाकाघर, कर्मचारियों की उपस्थिति देख वाहन रवानगी की ली जानकारी

**राजनांदगांव 25 अक्टूबर।** निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा शहर में साफ सफाई का जायजा लेकर स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने, स्वास्थ्य अमला को निर्देशित कर रहे है। महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर निगम का स्वास्थ्य अमला दीपावली त्योहार के बाद शहर में फैले गंदगी की युद्ध स्तर पर सफाई कर रहा है। आज सुबह आयुक्त श्री विश्वकर्मा सफाई निरीक्षण के दौरान म्यूनिस्पल स्कूल मैदान में लगे फटाका दुकान हटने के पश्चात मैदान में फैली गंदगी का जायजा लेकर अमला लगा सफाई कराई। इसी क्रम में उन्होंने टाका घर का आकस्मिक निरीक्षण कर कर्मचारियो की उपस्थिति देख वाहन की रवानगी की जानकारी लिए।शहर में साफ सफाई निरीक्षण की कडी में आज स ुबह आयुक्त श्री विश्वकर्मा म्यूनिस्पल स्कूल मैदान में साफ सफाई का जायजा लिया। फटाका दुकान हटने के पश्चात मैदान में भारी तादात में कचरा फैला था, जिसे निगम द्वारा साफ किया जा रहा था। आज आयुक्त स्वयं उपस्थित होकर गैंग लगाकर मैदान में फैले गंदगी की सफाई कराये, सफाई हो जाने से मैदान पूर्ववत स्थिति में आ गया। इसी प्रकार फ्लाई ओव्हर सर्विस रोड के किनारे भी साफ करने कहा। उन्होंने सफाई अमला से कहा कि त्योहार या किसी भी आयोजन के पश्चात कचरा ज्यादा फैल जाता है, जिसे प्राथमिकता से साफ करना सुनिश्चित करे। आगामी छठ पर्व एवं छोटी दिवाली को ध्यान में रखकर शहर में व्यापक रूप से साफ सफाई करने के निर्देश दिए। आयुक्त आकस्मिक रूप से टाकाघर पहुँच जल, विद्युत मोटर विभाग के कर्मचारियों के संबंध में जानकारी लेकर गाडिया एवं टैंकर रवानगी की प्रभारी से जानकारी लिए। उन्होंने हाजरी रजिस्टर की जॉच कर कर्मचारियो के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी सुबह निर्धारित समय में उपस्थित होकर हाजरी लगाने के पश्चात कार्य स्थल पर जायेगे, जल विद्युत संबंधी शिकायत का त्वरित निराकरण करेगें। साथ ही सभी वाहन को दुरूस्त रखने प्रभारी को निर्देशित कर कहा कि वाहन भी समय पर रवाना हो, ताकि काम प्रभावित न हो।

## रिया की कालाबाजारी पर विजय ट्रेडिंग कंपनी की अनुज्ञप्ति निरस्त, 20 हजार का लगाया गया अर्थदंड

**अम्बिकापुर 25 अक्टूबर ।** कलेक्टर कार्यालय सरगुजा (अम्बिकापुर) द्वारा जारी आदेश के तहत उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए अवैध रूप से यूरिया की कालाबाजारी करने पर मेसर्स विजय ट्रेडिंग कंपनी, नवागढ़ खरसिया रोड अम्बिकापुर की उर्वरक अनुज्ञप्ति निरस्त कर दी गई है। साथ ही कंपनी पर 20,000 रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है।उप संचालक कृषि, अम्बिकापुर की जांच रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल से जुलाई 2025 के बीच 95 किसानों को 4743 बोरी यूरिया प्रदाय दिखाया गया था, जबकि भौतिक सत्यापन में मात्र 678 बोरी ही किसानों द्वारा खरीदी गई पाई गई। शेष 4065 बोरी यूरिया की बिक्री का कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे कालाबाजारी की पुष्टि हुई।अतः विजय ट्रेडिंग कंपनी का यह कृत्य उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत गंभीर उल्लंघन है। उप संचालक कृषि अम्बिकापुर को निर्देशित किया गया है ।

### राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर शासकीय भवनों में की जाएगी रोशनी

**कांकेर, 25 अक्टूबर ।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के शासकीय भवनों में आगामी 01 नवम्बर से 05 नवम्बर 2025 तक रोशनी की जाएगी। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालयों में स्थित सभी शासकीय भवनों में रोशनी करने के लिए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने निजी संस्थाओं से भी अपने भवनों में राज्योत्सव के अवसर पर रोशनी करने की अपील की है।

### राज्योत्सव के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

राज्य शासन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जिला मुख्यालय में 02 नवम्बर से 04 नवम्बर तक तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिला मुख्यालय कांकेर के नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में यह कार्यक्रम आयोजित होगी।

## मंत्री रामविचार नेताम ने गौशाला का किया निरीक्षण और ग्राम विकास की पहल की तारीफ की

**धमतरी, 25 अक्टूबर ।** प्रदेश के कृषि विकास एवं कृषि कल्याण तथा आदिम जाति विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम आज अपने एक दिवसीय प्रवास पर धमतरी जिले के ग्राम तुमड़ीबहार पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने अंगारमोती माता मंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित गौशाला का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री नेताम ने गौशाला में संचालित विभिन्न गतिविधियों जैसे गौपालन, चिकित्सा सुविधा, चारा प्रबंधन तथा जैविक उत्पाद निर्माण का अवलोकन किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री दीपक लखोटिया ने मंत्री को बताया कि गौशाला में गायों की समुचित देखरेख के साथ-साथ गोबर एवं मूत्र से जैविक खाद, दीया, धूपबत्ती जैसी ग्राम-आधारित वस्तुओं का निर्माण किया जाता है, जिससे ग्रामीणों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं।मंत्री श्री नेताम ने गौशाला में की जा रही व्यवस्थाओं और ग्राम विकास में इसके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने ट्रस्ट सदस्यों को इस जनहितकारी कार्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## राज्य स्थापना दिवस पर स्थानीय अवकाश घोषित

**धमतरी, 25 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 1 नवम्बर 2025, दिन शनिवार को राज्य के समस्त शैक्षणिक संस्थानों में स्थानीय/सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। गौरतलब है कि 1 नवम्बर 2025, शनिवार होने के कारण राज्य के सभी शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं में पूर्व से ही अवकाश निर्धारित है। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय आज जारी आदेशानुसार यह स्थानीय अवकाश बैंक, कोषालय, उप कोषालय एवं अन्य वित्तीय संस्थाओं पर लागू नहीं होगा।

### धान खरीदी के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण में कलेक्टर ने दी हिदायत

# इंटर स्टेट बार्डर,कोचियों व बिचौलियों पर कड़ी निगरानी रखें



**रायगढ़, 25 अक्टूबर ।** शासन के निर्देशानुसार जिले में समर्थन मूल्य पर 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ होगी। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान उपार्जन की पारदर्शी एवं सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज जिला कलेक्टोरेट रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष में दो पालियों में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान धान उपार्जन नीति, व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर, तुंहर टोकन, उड़नदस्ता दल गठन, चेक पोस्ट सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने धान खरीदी व्यवस्था से जुड़ी नीतियों, प्रक्रियाओं एवं दिशा-निर्देशों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप धान खरीदी प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। सभी अधिकारी इस प्रशिक्षण को गंभीरता से ले, ताकि शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न हो सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और धान खरीदी कार्य को बिना किसी व्यवधान के सफलतापूर्वक संपादित करने प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि खरीदी व्यवस्था समयबद्ध, पारदर्शी और किसानों के लिए पूरी तरह सुविधाजनक हो। प्रशिक्षण में जिले के सभी संबंधित अधिकारी एवं धान खरीदी से जुड़े विभागों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे

कलेक्टर ने सभी उपार्जन केन्द्रों में निगरानी व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता की संभावना न रहे। उन्होंने कहा कि इंटरस्टेट बार्डर, कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी निगरानी रखा जाए, ताकि उपार्जन केंद्रों में किसी भी प्रकार से धान की अवैध बिक्री न किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि धान खरीदी कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधितो के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। अपर कलेक्टर एवं धान खरीदी के नोडल अधिकारी श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने बताया कि एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों का पंजीयन कार्य जारी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के कोई भी पात्र किसान समर्थन मूल्य पर धान विक्रय से वंचित नहीं होना चाहिए। शत-प्रतिशत कृषकों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर पंजीयन पूर्ण करें। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री अभिजीत बबन पठारे, अपर कलेक्टर श्री रवि राही सहित जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खाद्य निरीक्षक, कृषि विकास अधिकारी एवं मंडी सचिव उपस्थित रहे। खाद्य अधिकारी श्री चितरंजन सिंह ने जानकारी दी कि किसानों से धान की नगद व लिकिंग में खरीदी 15 नवम्बर से शुरू होगी, जो 31 जनवरी 2026 तक की जाएगी। इस वर्ष भी किसानों से धान खरीदी की अधिकतम सीमा 21 क्विंटल प्रति एकड़ लिकिंग सहित निर्धारित की गई। इस वर्ष जिले के 69 समितियों के 105 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की जाएगी। रायगढ़ जिले में 10 स्थानों पर अंतराज्जीय चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं, जहाँ से अवैध धान के आवाजाही पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए चार टीमों की तीन पालियों में ड्यूटी लगाई गई है। जिनके द्वारा 24 घंटे निगरानी रखी जाएगी। ऐग्रीस्टेक पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत किसानों से भारत सरकार द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप धान की खरीदी की जाएगी। कृषकों की ऋण पुस्तिका के आधार पर पोर्टल आईडी से खरीदी की जाएगी, जिससे किसानों को उपार्जन केन्द्रों में ऋण पुस्तिका लाने की आवश्यकता नहीं होगी। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में संस्थागत पंजीयन, भूमिहीन किसान, डुबान क्षेत्र, वन अधिकार पट्टा एवं ग्राम कोटवार वर्ग के किसानों को पंजीयन से छूट दी गई है। धान विक्रय की राशि किसानों को डिजिटल मोड से सीधे उनके बैंक खातों में जमा की जाएगी। सभी किसानों के बैंक खाते खुलवाकर उनकी जानकारी डेटाबेस में दर्ज करने के निर्देश दिए गए।

### कोचिया और बिचौलियों पर रहेगी सख्त निगरानी

धान उपार्जन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए मंडी अधिकारियों द्वारा कोचिया और बिचौलियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। यदि कोई कोचिया या बिचौलिया पंजीकृत किसानों के नाम पर धान खपाने का प्रयास करता पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। संबंधित वाहन और धान जब्त किए जाएंगे, तथा आवश्यकतानुसार कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी।

### तुंहर टोकन मोबाइल ऐप से सुबह 8 बजे से जारी होंगे टोकन

धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाने के लिए टोकन जारी करने की प्रक्रिया 'तुंहर टोकन' मोबाइल ऐप के माध्यम से सुबह 8 बजे से प्रारंभ की जाएगी। सोसायटी संचालक पिछले वर्ष की तरह सुबह 9.30 बजे से टोकन जारी करना शुरू कर सकेंगे। टोकन अगले 7 खरीदी दिवसों के लिए जारी किए जा सकेंगे। प्रत्येक टोकन में जारी की जाने वाली धान की मात्रा डीसीएस, गिरदावरी एवं पीवी के अनुसार पंजीकृत धान रकबा से कम या बराबर होनी चाहिए। लघु और सीमांत किसानों को अधिकतम दो टोकन, जबकि बड़े किसानों को अधिकतम तीन टोकन जारी करने की अनुमति होगी। पारदर्शिता सुनिश्चित करने और अनाधिकृत टोकन जारी होने से रोकने के लिए आधार आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण अनिवार्य किया गया है।इससे किसान की पहचान की सत्यता सुनिश्चित होगी ।

# कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षा के परिणाम सुधारने बीईओ एवं प्राचार्यों को दिए निर्देश

**राजनांदगांव 25 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने शासकीय डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र हायर सेकंडरी स्कूल बसंतपुर राजनांदगांव में बोर्ड परीक्षा के परिणाम सुधारने के लिए जिले के प्राचार्यों एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने सभी प्राचार्यो से कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जिले का नाम राज्य स्तर पर अच्छा होना चाहिए। इसके लिए सभी प्राचार्यों को कड़ी मेहनत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्राचार्यों को अपनी जिम्मेदारी अच्छे से निर्वहन करने कहा। उन्होंने कहा कि शिक्षक की पहचान उसके शिक्षण कार्य से होती है। बच्चों के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझे और अच्छा कार्य करें। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि अपने जीवन का सर्वोत्तम समय स्कूल एवं शिक्षा के



क्षेत्र में दें। जिससे अच्छे शिक्षक की पहचान बनती है। उन्होंने कहा कि जिले के स्कूलों का परीक्षा परिणाम बेहतर होना चाहिए। शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए शिक्षकों को विशेष ध्यान देते हुए कार्य करना चाहिए। जिन स्कूलों के परीक्षा परिणाम बेहतर नहीं होने पर संबंधित शिक्षकों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम लाने के लिए अच्छी कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। बच्चों का समय पर सिलेबस पूर्ण कर प्रश्नों को हल कराने के लिए प्रेक्टिस कराने कहा। इसके साथ ही मंथली टेस्ट लेने कहा। बच्चों के मंथली टेस्ट परीक्षा की पुस्तिका को दूसरे स्कूलों में जांच कराने कहा।

कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने कहा कि स्कूलों में ऐसे भी व्याख्याता होते हैं जिन्हें अपने विषय के अलावा अन्य विषय का भी ज्ञान एवं रूचि होती है, उन्हें पढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने कहा। कोई भी शिक्षक क्लास रूम में मोबाईल का उपयोग नहीं करें। उन्होंने कहा कि 10वीं एवं 12वीं के बच्चों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर प्रतिदिन परीक्षा की तैयारी कराने के लिए प्रश्नों को हल कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्टर और इंटरनेट माध्यम से कमजोर बच्चों को अच्छी पढ़ाई कराएं। उन्होंने विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, बीआरसी और संकुल समन्वयकों को नियमित स्कूलों का निरीक्षण करने कहा। कलेक्टर ने तिमाही परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट परिणाम आने पर जिले के 3 हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों के प्राचार्यों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री विश्वास कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल, जिला मिशन समन्वयक श्री सतीश ब्यौहारे, जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती रश्मि सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, हाई स्कूल एवं हायर सेंकडरी स्कूल के प्राचार्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### सीईओ जिला पंचायत ने वीसी से योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा की

**राजनांदगांव 25 अक्टूबर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला अधिकारी, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रगति की गहन समीक्षा की। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण अंतर्गत संचालित सभी प्रगतिरत कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने तथा कार्यों का जियो टैग कर एमआईएस में एन्ट्री करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी ग्रामों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण अनिवार्य रूप से करने तथा यूजर चार्ट लेने कहा। उन्होंने 15 अक्टूबर से 19 नवम्बर 2025 तक आयोजित स्वच्छ संकल्प अभियान के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा जनपद पंचायतों को अधोसंरचना निर्माण के लिए उपलब्ध कराई गई राशि से शीघ्र कार्य प्रारंभ करने निर्देशित किया। उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों की विकासखंडवार समीक्षा की और कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में वांछित प्रगति नहीं आने पर संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने फसल चक्र परिवर्तन, जल संरक्षण, ग्रीष्मकालीन धान की फसल में रोक लगाने के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने ग्राम पंचायतों में नियमित रूप से संगोष्ठी का आयोजन कर कृषकों को धान के बदले कम पानी की फसलों के संबंध में जानकारी देने कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लाभ के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी देने कहा तथा समर्थ पोर्टल एवं संपदा पोर्टल के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री समग्र गामीण विकास योजना, महतारी सदन, परकोलेशन टेंक सहित अन्य निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गयी तथा अप्रारम्भ एवं अपूर्ण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए गए।

### छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत जप्तशुदा वाहन राजसात

**राजनांदगांव 25 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री जितेन्द्र यादव ने ग्राम दाऊटोला तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव निवासी रोहित खोब्रागढ़े के स्वामित्व की जप्तशुदा वाहन टाटा एसीआई छोटा हाथी क्रमांक सीजी 08 बी 2379 को छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत शासन के पक्ष में राजसात किया है। जप्त वाहन द्वारा 5 नग मवेशी गाय प्रजाति के भरकर बिना चारा-पानी के क्रुरतापूर्वक बूचडख़ाना व कत्लखाना की ओर तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते ले जा रहा था। पुनरीक्षण अवधि समाप्त होने तथा सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में राजसात किए गए वाहन का गठित समिति द्वारा नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई की जाएगी एवं प्राप्त राशि को छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी। सक्षम न्यायालय (सत्र न्यायालय राजनांदगांव) से आदेश के विरूद्ध कोई आदेश प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की जाएगी।

### अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वीडियो कार्प्रेंसिंग से विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारी के संबंध में ली बैठक

**राजनांदगांव 25 अक्टूबर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री पीएस ध्रुव ने वीडियो कार्प्रेंसिंग के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारी के संबंध में बैठक ली। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अंकित चौहान एवं सहायक नोडल अधिकारी स्वीप श्रीमती रश्मि सिंह उपस्थित रहे। अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री पीएस ध्रुव ने गणना प्रपत्र की प्रिंटिंग हेतु वेंडर की नियुक्ति की स्थिति, नगरीय क्षेत्र में अतिरिक्त बीएलओ की नियुक्ति का प्रस्ताव, हेल्प डेस्क, बीएलओ की मोबाईल डिक्शनरी के संबंध में, बीएलओ व बीएलए की ट्रेनिंग के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कैटेगरी सी/डी के एनालिसिस, बीएलओ के अपने निर्वाचन क्षेत्र में निवास करने के संदर्भ में चर्चा की। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए वर्तमान मतदाताओं का मिलान पिछले एसआईआर के अनुसार मतदाताओं से किया जाना है।

### आकाशवाणी से विजय मिश्रा की कविताएं 27 अक्टूबर को होंगी प्रसारित

**रायपुर 25 अक्टूबर।** आकाशवाणी रायपुर से विजय मिश्रा 'अमित' की कविताओं का प्रसारण 27 अक्टूबर को सुबह 8.30 होगा। प्रदेश के वरिष्ठ रंगकर्मी- साहित्यकार श्री मिश्रा की कविताओं के साथ ही आकाशवाणी की साहित्य पत्रिका पल्लवी के अंतर्गत श्री सहदेव देशमुख की वार्ता 'संप्रेषण की सशक्त माध्यम कविता' तथा श्रीमती आशा झा की कहानी 'निरूपमा' का भी प्रसारण होगा। पल्लवी साहित्य पत्रिका कार्यक्रम का संपादन आकाशवाणी के प्रोग्राम एग्जीक्यूटिव प्रकाश उदय द्वारा किया गया है। रंग बदलते मनुष्य, बेटियों के बढ़ते कदम, पर्यावरण संरक्षण, परहितैषी कर्म जैसे विषयों पर केंद्रित अपनी कविताओं का पाठ आकाशवाणी से विजय मिश्रा करेंगे।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत 30 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

**बालोद, 25 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण द्वारा संचालित मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित की गई है। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री अजय गेडाम ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत विधवा, परित्यक्त महिला, दिव्यांगजन एवं 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक 30 अक्टूबर तक जिला कार्यालय समाज कल्याण विभाग बालोद में आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि आवेदन ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन दो प्रतियों में हिन्दी में ही भरा जाएगा। आवेदन के साथ पासपोर्ट आकार का नवीनतम रंगीन फोटो निर्धारित स्थान पर फ्रंट पेज में लगाना होगा।

# औद्योगिक नगर में अनियंत्रित पार्किंग से बढ़ रहीं दुर्घटनाएं, नागरिकों में आक्रोश

■ **बी.टी.ओ.ए. और नगर पालिका परिषद के बीच जल्द होगी निर्णायक बैठक**

**किरंदुल/औद्योगिक नगर 25 अक्टूबर।** औद्योगिक नगर में इन दिनों अनियंत्रित और अस्त-व्यस्त ट्रक पार्किंग की समस्या ने फिर से विकराल रूप ले लिया है। मुख्य मार्गों पर भारी वाहनों की अवैध खड़ी पार्किंग से आए दिन दुर्घटनाएँ हो रही हैं, जिससे आम नागरिकों में आक्रोश की लहर उठने लगी है।

नगर पालिका परिषद के मुख्य अधिकारी श्री शशि भूषण महापात्र ने बताया कि वर्ष 2024 से ही सुरक्षित ट्रक पार्किंग व्यवस्था की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इस संदर्भ में उन्होंने जिला के सबसे बड़े ट्रांसपोर्ट संघ, बी.टी.ओ.ए. (बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोसिएशन) से लगातार संवाद बनाए रखा है। हालाँकि, पूर्व पदाधिकारियों की ओर से पुख्ता और व्यापक इंतजाम को लेकर रुचि नहीं दिखाई गई, जिसके कारण समस्या बनी हुई है।

अब उम्मीद की जा रही है कि नवनिर्वाचित बी.टी.ओ.ए. पदाधिकारी इस विषय को गंभीरता से लेकर स्थायी समाधान निकालने में सक्रिय भूमिका निभाएँगे।




**ट्रांसपोर्ट नगर की मांग फिर जोर पर:** जानकारी के अनुसार, ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना की मांग बैलाडीला के नागरिकों द्वारा लंबे समय से की जा रही है। उद्देश्य यह है कि मुख्य मार्गों पर ट्रकों की अनियंत्रित पार्किंग से होने वाली दुर्घटनाओं को कम किया जा सके और नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया जा सके।

किरंदुल पुलिस प्रशासन भी समय-समय पर चौक-चौराहों पर यातायात नियमों का पालन कराते हुए कार्रवाई करता रहा है। कई बार पुलिस दलों ने मुख्य मार्गों से ट्रकों को हटाया है, जिससे कुछ हद तक दुर्घटनाओं में कमी आई है। फिर भी, स्थायी समाधान के अभाव में समस्या बार-बार लौट आती है।

**स्थायी समाधान की दिशा में नगर पालिका परिषद की पहल:** जानकारों का कहना है कि औद्योगिक नगर में प्रतिदिन हजारों हल्के एवं भारी वाहन गुजरते हैं, ऐसे में सुरक्षित ट्रक पार्किंग स्थल का निर्माण बेहद आवश्यक है। इसके लिए वाहन मालिकों के संघ और प्रशासन दोनों को मिलकर पहल करनी होगी, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके। मुख्य अधिकारी श्री शशि भूषण महापात्र ने बताया कि नगर पालिका परिषद इस दिशा में गंभीरता से काम कर रही है। उन्होंने बताया कि जल्द ही बी.टी.ओ.ए. के नये पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद, पुलिस प्रशासन और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

**उम्मीद की किरण:** नगर पालिका परिषद की इस आगामी बैठक में बैलाडीला औद्योगिक नगर की प्रमुख समस्या – अनियंत्रित पार्किंग के स्थायी समाधान पर चर्चा होगी।

श्री शशि भूषण महापात्र के नेतृत्व में आयोजित बैठक से सकारात्मक परिणाम निकलने की प्रबल उम्मीद जताई जा रही है।

**मुख्य बिंदु संक्षेप में**

मुख्य मार्गों पर अनियंत्रित ट्रक पार्किंग से दुर्घटनाएँ बढ़ीं।
नागरिकों में आक्रोश, ट्रांसपोर्ट नगर की मांग फिर उठी।
नगर पालिका मुख्य अधिकारी लगातार प्रयासरत।
बी.टी.ओ.ए. से 2024 से चल रही चर्चा, पर ठोस कदम नहीं।
नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से समाधान की उम्मीद।
पुलिस प्रशासन कर रहा अस्थायी कार्रवाई।
नगर पालिका परिषद की बैठक में होगा निर्णायक निर्णय।

### स्नेह का बंधन जिसमें कोई धागा नहीं होता फिर भी हम बंधा महसूस करते हैं:मुनि वीरभद्र

**राजनांदगांव 25 अक्टूबर।** श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने आज यहां कहा कि स्नेह का बंधन ऐसा होता है जिसमें कोई धागा नहीं होता फिर भी व्यक्ति अपने आपको बंधा हुआ महसूस करता है, कोई पिंजरा नहीं होता, कोई सलाखें नहीं होती फिर भी व्यक्ति अपने आपको बंधा महसूस करता है। वह इस स्नेह बंधन से निकल नहीं पाता।

जैन बगीचे में अपने नियमित चातुर्मासिक प्रवचन में जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि एक पक्षीय राग करने से व्यक्ति को दुखी होना पड़ता है। हम छोटी-छोटी मान्यताओं का राग लेकर बैठ गए हैं। एक निश्चित समय तक यह राग रहेगा, उस वस्तु के प्रति हमारा आलंबन रहेगा फिर यह राग/आलंबन हट जाएगा। उन्होंने कहा कि आप कभी चिंता करके देखें कि आप कितने वितरागी हो। कभी चिंता करें कि मैं कितना वितरागी हुआ। वितरागिता के प्रति कितना आगे बढ़ा। वितरागिता बढ़ने पर कोमल बिस्तर भी कांटों भरे लगने लगतें हैं, लजीज खाना भी नहीं भाता।

मुनि श्री वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि भगवान के प्रति निःशर्त समर्पण भाव होने से अनंत उपलब्धि प्रकट हो जाती है। उन्होंने कहा कि हम भंगार को भी त्याग नहीं पाते !हम राग में इतने जकड़े हुए हैं कि हम किसी भी चीज का त्याग इतनी आसानी से नहीं कर पाते तो हम शासन के प्रति उदारता कैसे दिखा पायेंगे। उन्होंने कहा कि अपने भीतर वितरागिता को बढ़ाना होगा तभी हम आत्म कल्याण के मार्ग में आगे बढ़ पाएंगे, नहीं तो राग के बंधन में ही बंधे रह जायेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

# जिला स्तरीय जागरूकता व समाधान शिविर में बताया 73 लाख रुपए का भुगतान खाताधारकों को किया



**राजनांदगांव 25 अक्टूबर।** वित्त मंत्रालय भारत सरकार एवं रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार गांधी सभागृह राजनांदगांव में सभी बैंकों एवं जीवन बीमा कंपनियों द्वारा विशेष अभियान आपकी पूंजी आपका अधिकार अंतर्गत निष्क्रिय खातों के सक्रियकरण एवं बिना दावा किये गए जमा राशि को वापस करने के लिए जिला स्तरीय जागरूकता एवं समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन वित्त मंत्रालय भारत सरकार एवं रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 1 अक्टूबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक संचालित विशेष अभियान अंतर्गत किया गया। द्य लीड बैंक अधिकारी जिला अग्रणी बैंक श्री मुनीश शर्मा ने बताया कि अभियान अंतर्गत बैंक द्वारा अब तक 89 खातों में 73 लाख 87 हजार रूपए खाताधारकों एवं खाताधारकों के उत्तराधिकारियों को भुगतान किया गया है। इसके अलावा भारतीय जीवन बीमा की दावा नहीं किये गए बीमा पालिसी के क्लेम प्रक्रिया की जानकारी भी दी गयी। शिविर में भारत सरकार द्वारा संचालित जनधन खाता, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना सहित अन्य बैंकिंग योजनाओं का पंजीकरण भी शिविर में किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की जानकारी भी दी गयी। खातों की पुनः केवाईसी कार्य मौके पर पूर्ण किया गया। जिले में 89 हजार 367 खातों में 26 करोड़ 63 लाख रूपए की राशि देय है। शिविर में बैंक ऑफ इंडिया रायपुर जोनल ऑफिस से उप-मंडल प्रबंधक श्री नागेन्द्र चौरसिया द्वारा 12 हितग्राहियों को दावा प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

### जिले में राज्योत्सन के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

**बालोद, 25 अक्टूबर।** कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के आदेशानुसार बालोद जिले में 02 से 04 नवंबर तक आयोजित होने वाली राज्योत्सव समारोह के सफल आयोजन सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी आदेश में समारोह के सफल आयोजन हेतु अपर कलेक्टर श्री चंद्रकांत कौशिक को नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्राची ठाकुर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह पुलिस अधीक्षक श्री योगेश कुमार पटेल को सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता को मंचीय व्यवस्था, फ्लैक्स एवं आवश्यक टेंट पंडाल, दो स्वागत द्वार की व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण मण्डल एवं अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग (विद्युत यांत्रिकी) को विद्युत व्यवस्था, लाईटिंग, माईक व्यवस्था, सहायक संचालक उद्यानिकी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को फुलमाला, गुलदस्ता, गमला, स्वागत द्वार व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को स्वास्थ्य सुविधा, जिला सेनानी होमगार्ड को फायर ब्रिगेड, मुख्य नगरपालिका अधिकारी बालोद को साफ सफाई की व्यवस्था, जिला खनिज अधिकारी को मुख्य कार्यक्रम स्थल पर मैदान समतलीकरण की जिम्मेदारी सौंपीं गई है। इसी तरह सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं जिला शिक्षा अधिकारी को सांस्कृतिक कार्यक्रम, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी बालोद को कलाकारों के ठहरने की व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह जिला आबकारी अधिकारी, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता को सांस्कृतिक कार्यक्रम के कलाकारों की भोजन व्यवस्था, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना बालोद के कार्यपालन अभियंता को सांस्कृतिक दल मोमेंटो, प्रमाण पत्र, प्रशस्ति पत्र की व्यवस्था, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, जिला परिवहन विभाग एवं जिला मिशन समन्वयक को कलाकारों को लाने व ले जाने हेतु वाहन की व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# वक्ता मंच का आयोजन मानवता और अपनत्व का सच्चा उत्सव

**रायपुर 25 अक्टूबर।** प्रदेश की प्रतिष्ठित सामाजिक व साहित्यिक संस्था वक्ता मंच द्वारा जारी अभियान एक दीवाली - खुशियों वाली के अंतर्गत 24 अक्टूबर की रात्रि राजधानी के सुंदर नगर स्थित वृद्धाश्रम प्रशामक देख रेख गृह में दीपावली मिलन का आयोजन किया गया द्य आज के आयोजन के मुख्य अतिथि कर्मकार व सन्निर्माण मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल थे द्य अध्यक्षता राजभवन के डिप्टी सेक्रेटरी युवा साहित्यकार डॉ रूपेंद्र कवि ने की द्य विशिष्ट अतिथि के रूप में छ ग राज्य निर्माण आंदोलन के संयोजक डॉ उदयभान चौहान एवं महिला नेत्री अनिता गुरुपंच उपस्थित थी द्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता व प्रबुद्धजनों ने उपस्थित होकर समूचे वृद्धाश्रम को दियों की रोशनी, रंगोली व झालर से आलोकित कर दिया द्य बुजुर्गों को घर के बने पकवान व नमकीन भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया गया द्य पटाखों, अनार व फुलझड़ियों की धूम के साथ सबने साझा स्नेह व अपनत्व का अनुभव किया द्य इस अवसर पर हिमांशु व दिव्या पटेल द्वारा बुजुर्गों हेतु रात्रि भोज का आयोजन भी संपन्न हुआ द्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि दीप केवल घरों को नहीं अपितु दिलों को भी रोशन करते है द्य वक्ता मंच का यह



आयोजन मानवता और अपनत्व का सच्चा उत्सव है द्य बुजुर्गों के इस आशियाने में पहुंचकर सबको सुकून और आनंद का अहसास हो रहा है तथा उनके चेहरों की मुस्कान हमारे दिलों में गर्माहट पैदा कर रही है द्य उपस्थित प्रबुद्धजनों ने कहा कि दीपावली अंधकार से प्रकाश की ओर बढने का पर्व है द्य आदिकाल से ही सभ्यताओ के प्रत्येक दौर में असुरत्व व देवत्व , अन्याय व न्याय , अधर्म व धर्म तथा असत्य व सत्य के मध्य संघर्ष जारी रहा है द्य दीपावली का पर्व हमें प्रकाश, सत्य, धर्म, देवत्व व न्याय की पक्षधरों ताकतों की विजय की आश्वस्ति प्रदान करता हैद्य कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने अगले कुछ घंटे बुजुर्गों के साथ खेल, कविता, आतिशबाजी एवं दिवाली की उमंग के साथ व्यतीत किए द्य कार्यक्रम में वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते, संयोजक शुभम साहू, प्रभारी विवेक बेहरा, संरक्षिका ज्योति शुक्ला,सचिव मनीष अवस्थी, उपाध्यक्ष दुष्यंत साहू,सहसचिव हेमलाल पटेल के साथ कवि मो. हुसैन, मुकेश टिकरिहा, सोनिका कवि ,उर्मिला देवी, परम कुमार, संतोष धीवर, डॉ उमा स्वामी, जसपाल सिंह, पूर्णेश डडसेना, बलजीत कौर, हर्ष अग्रवाल, अनिल नशीने, बिसेसर सेन, यशवंत यदु ÷यश÷, हिमांशु पटेल, मनीष पटेल, हिरेंद्र यदु, सी एल दुबे, विजया स्वामी सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित थे द्य वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने जानकारी दी है कि मंच द्वारा विगत 3 दशकों से प्रमुख त्यौहारों को बाल आश्रमों, वृद्धाश्रमों, झुग्गी बस्तियों व जरूरतमंद तबकों तक पहुंचकर उत्सवित किया जाता है द्य इस वर्ष खुशियों वाली दिवाली मनाये जाने के क्रम में 26 अक्टूबर को संजीवनी वृद्धाश्रम कोटा एवं 28 अक्टूबर को गंज बाल आश्रम गुरुनानक चौक में भी दीपावली मिलन के कार्यक्रम रखे गये है।

# कार्यशाला में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी दी

**राजनांदगांव 25 अक्टूबर।** नगर पालिक निगम के टाऊन हाल में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा सहित वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा, पार्षद सर्वश्री कमलेश बंधे, संदीप बघेल, सतीश साहू व चन्द्रकृत साहू की उपस्थिति मे प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के समबन्ध मे अधिकारियो व कर्मचारियो के लिए कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला मे आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शासन की महती योजना है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अपने घर की छत पर ही ऊर्जा का उत्पादन करने की यह पहल बिजली के बिल से मुक्ति दिलाने तथा ऊर्जा संरक्षण की दिशा में कारगर साबित हो रही है। इस योजना से अधिक से अधिक नागरिकों को लाभान्वित करने की जरूरत है। योजना अंतर्गत 30 हजार रूपए



से 78 हजार रूपए तक की सब्सिडी प्रति प्लांट दिए जाने का शासन द्वारा प्रावधान है एवं बैक से ऋण लेने की सुविधा भी उपलब्ध है। घर की बिजली की खपत के अनुसार सोलर पैनल लगाना है। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियो से कहा कि बिजली खर्च के बचने अपने घर में सोलर पेनल जरूर लगावे और अपने लोगो को भी प्रेरित करे इस योजना के संबंध में आवेदन करने, अनुदान राशि, ऋण, सोलर पैनल लगाने, नियम-शर्ते विद्युत विभाग द्वारा दी जावेगी एवं निगम में आवेदन जमा कराया जायेगा। सभी अधिकारी कर्मचारी को सोलर पैनल लगाने आवेदन करना है। उन्होंने पार्षदों से भी अपील की कि योजना का लाभ देने वार्डवासियो को जानकारी देवे एवं आवेदन करावे।

पार्षद श्री शिव वर्मा ने अधिकारियो व कर्मचारियो से कहा कि प्रधानमंत्री के इस लाभकारी योजना का लाभ जरूर ले और बिजली बिल से बचे। योजनांतर्गत घर में स्थापित प्लांट से उपभोक्ता द्वारा अपनी खपत से अधिक उत्पादित बिजली से न केवल उपभोक्ता के घर का बिजली बिल शून्य हो जाता है, बल्कि ग्रिड में दी गई बिजली के एवज में अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि योजना की जानकारी लोगो तक नही पहुँच पा रही है इसके लिए विद्युत मण्डल के एजेन्सी वार्डो में जाकर शिविर लगावे तथा प्रचार प्रसार करे।

पार्षद श्री चन्द्रकृत साहू ने कहा कि शासन की लाभकारी योजना है, मेरा वार्ड शहर का अंतिम वार्ड है फिर भी मेरे वार्डवासी जानकारी होने पर योजना का लाभ लेने आवेदन जमा किए है। उन्होंने कहा कि वार्डवासियो को योजना के बारे में जानकारी नही मिल पा रही है इसके लिए वार्ड वार्ड में इसका अधिक से अधिक प्रचार होना चाहिए। ताकि लोग इसका लाभ उठा सके। कार्यशाला में कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**शपथ पत्र**

मैं गुलेश्वर कुमार यादव पिता जोहरी राम यादव, उम्र लगभग 31 वर्ष, जाति राउत, ईमलीपारा, कुमुड़कट्टा, तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) का निवासी हूं।

मेरा सही व वास्तविक नाम गुलेश्वर कुमार यादव पिता जोहरी राम यादव है जो कि मेरे समस्त दस्तावेज में दर्ज है तथा यही नाम सत्य है।

मेरे नाम पर जारी ड्राईविंग लायसेंस नंबर CG24 20190000058 अनुसार मेरा नाम गुलेश्वर कुमार पिता जोहरीत राम दर्ज हो गया है, जो कि त्रुटिपूर्ण दर्ज हो गया है।

मेरे नाम जारी उपरोक्त ड्राईविंग लायसेंस नंबर CG24 20190000058 में मेरा सही व वास्तविक नाम गुलेश्वर कुमार यादव पिता जोहरी राम यादव/ GULESHWAR KUMAR YADAV S/o JOHARI RAM YADAV दर्ज करवाना चाहता हूं।

मेरे द्वारा उपरोक्त दी गई जानकारी सत्य एवं सही है यदि भविष्य में उपरोक्त जानकारी गलत पायी जाती है तो मेरे ऊपर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी जो मुझे मान्य है।

मेरे नाम पर जारी ड्राईविंग लायसेंस में मेरा नाम गुलेश्वर कुमार यादव पिता जोहरी राम यादव दर्ज करवाने के समर्थन में मेरा यह शपथ पत्र संबंधित सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने की आवश्यकता हुई है।

अतः शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
गुलेश्वर कुमार यादव

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव**

रा.प्र.क्र. 202508092300023
अ/6(अ) वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चैतराम पिता निर्मल जाति कलार निवासी ग्राम खुड़मुड़ी तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपनी पत्नी गया बाई पति चैतराम का दिनांक 12.03.2025 को ग्राम खुड़मुड़ी में मृत्यु हुआ था जिसका ग्राम पंचायत के जन्म/मृत्यु पंजी में दर्ज नहीं कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने पत्नी गया बाई पति चैतराम का दिनांक 12.03.2025 को ग्राम ग्राम पंचायत खैरा में मृत्यु दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 28.10.2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़

## एक नजर

### कंप्यूटर साइंस पर शोध के लिए पति-पत्नी को पीएचडी




**रायपुर, 25 अक्टूबर।** मैट्स यूनिवर्सिटी ने कंप्यूटर साइंस विषय पर शोध के लिए प्रियंका यदु (चौरसिया) एवं अमितेष यदु को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। प्रियंका ने डेवलपमेंट ऑफ इंटीग्रेटेड फ्रेमवर्क ऑफ एचसीआई एंड विजुअल जीयूआई टेक्निक्स फॉर सॉफ्टवेयर टेस्टिंग इन इंडस्ट्रियल प्रैक्टिस विषय पर डॉक्टर प्रोफेसर भावना नारायण के मार्गदर्शन में शोध कार्य पूरा किया। वहीं अमितेष ने एन्हांसमेंट ऑफसिक्योरिटी प्रोटोकॉल इन ई वोटिंग सिस्टम यूजिंग बायोमैट्रिक ऑथेंटिकेशन विषय पर डॉक्टर ओमप्रकाश चंद्राकर के मार्गदर्शन में शोध पूर्ण किया अमितेष एवं प्रियंका रिटायर्ड लाइब्रेरियन रामहृदय यदु एवं स्वर्गीय सरोज यदु के पुत्र एवं पुत्रवधू तथा जल संसाधन विभाग के रिटायर असिस्टेंट इंजीनियर श्यामलाल चौरसिया एवं श्रीमती कुसुमलता चौरसिया के दामाद एवं पुत्री है ।

### छत्तीसगढ़ के नितिन लॉरेंस साइनॉड के सदस्य बने

**रायपुर, 25 अक्टूबर।** देश के राष्ट्रीय राजधानी स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में 21 से 23 अक्टूबर तक चर्च ऑफनार्थ इंडिया की 18वीं सामान्य सभा का आयोजन हुआ। बैठक की शुरुआत मॉडरेटर की प्रार्थना से हुई, जिसके बाद आगरा क्वायर द्वारा भजन और आराधना का सत्र आयोजित किया गया। देशभर के विभिन्न प्रांतों से आए प्रतिनिधियों ने इसमें भाग लिया और चर्च की कार्यप्रणाली एवं भविष्य की दिशा पर गहन विचार-विमर्श किया।

### छग में फिल्म सिटी का निर्माण करना प्राथमिकता : मोना सेन

**रायपुर, 25 अक्टूबर।** छग फिल्म विकास निगम की नवनियुक्त अध्यक्ष मोना सेन ने कहा कि छग के निर्माता निर्देशक सहित सभी पक्षों से बातचीत कर फिल्म सिटी और सब्सिडी मेरी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि मै छग फिल्म इंडस्ट्रीज का नाम ऊंचा करना चाहती हूं। हमारे संवाददाता से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि फिल्म सिटी का निर्माण करना गांव गांव में थियेटर बनाना ताकि हमारी फिल्में इनके पहुंच में हो। हम सभी मुद्दों के लिए सरकार और इंडस्ट्रीज दोनों मिलकर ठोस हल निकालेंगे। उन्होंने कहा कि फिल्म विकास निगम सबके लिए है सभी को सम्मान और सामान अवसर प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फिल्म हिट या असफल हो इस पर सुधार किया जाएगा। मोना सेन ने कहा कि मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री और संगठन के प्रति आभार व्यक्त करना चाहती हूं उन्होंने मेरे दायित्वों के लिए यह पद दिया है।

### मोदी के आगमन पर मोदी की गारंटी का मान रखें मुख्यमंत्री : नामदेव

**रायपुर, 25 अक्टूबर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आग्रह किया है कि राज्य स्थापना दिवस 1 नवम्बर को आयोजित राज्योत्सव के अवसर पर राज्य के पेंशनरों और कर्मचारियों के लिए केंद्र के समान जुलाई 2025 से बकाया 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) एरियर सहित कुल 58 प्रतिशत के आदेश जारी किए जाएं। नामदेव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राज्योत्सव में आगमन के अवसर पर मोदी की गारंटी को पूरा कर उनका मान रखना मुख्यमंत्री के लिए एक अवसर है। जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि राज्य के कर्मचारी व पेंशनर्स लंबे समय से महंगाई भत्ता एवं राहत की प्रतीक्षा कर रहे हैं। भाजपा शासित गुजरात, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड और बिहार में एरियर सहित 58त्न डीए-डीआर के आदेश पहले ही जारी हो चुके हैं, जबकि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अब तक आदेश जारी नहीं किए गए हैं। इससे कर्मचारियों व पेंशनरों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। महासंघ ने मांग की है कि सरकार जुलाई 2025 से बकाया 3त्न डीए-डीआर को एरियर सहित मंजूरी दे और राज्योत्सव समारोह में इसकी घोषणा कर आदेश जारी करे।

## छठ पूजा पर छग से 4 स्पेशल ट्रेनें

- **बिहार-यूपी जाने वालों को राहत, चर्लपल्ली-बरौनी, दुर्ग-पटना और गोंदिया-पटना आज से चलेगी**

**रायपुर, 25 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ से छठ पूजा के लिए यूपी-बिहार जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने 4 स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। इसमें चर्लपल्ली-बरौनी, दुर्ग-पटना, गोंदिया-पटना और हावड़ा-नागपुर स्पेशल ट्रेन शामिल है। वहीं, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (स्श्वष्टक्र) ने बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर, नागपुर, यलहंका (बेंगलुरु), सुल्तानपुर, हजरत निजामुद्दीन और जयनगर सहित कई प्रमुख रूटों पर भी 4 जोड़ी पूजा स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं। ये ट्रेनें सितंबर से नवंबर 2025 तक अलग-अलग फेरों में संचालित हैं। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यात्री अपनी सुविधा के अनुसार ऑनलाइन या स्टेशन से आरक्षण करा सकते हैं और आरक्षित बर्थ का लाभ उठा सकते हैं। छठ के मौके पर यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल ने सुरक्षा और सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए हैं।

### पूजा स्पेशल ट्रेनों में 650 से अधिक सीटें खाली

दीपावली और छठ पूजा पर यात्रियों की सुविधा के लिए स्श्वष्टक्रने चार जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं, जो बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर, नागपुर, बेंगलुरु, सुल्तानपुर, निज़ामुद्दीन और जयनगर रूटों पर चलेंगी। ये ट्रेनें सितंबर से नवंबर 2025 तक कई फेरों में संचालित हैं। 18 नवंबर को सबसे अधिक सीटें उपलब्ध हैं, कुल 650 से अधिक खाली सीटें हैं। रेलवे ने बताया कि यात्रियों को 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर कंफर्म सीटें मिलेंगी, जिससे लंबी दूरी की यात्रा आरामदायक होगी। पूजा स्पेशल ट्रेनों का पूरा शेड्यूल और बर्थ की उपलब्धता 22 अक्टूबर 2025 की स्थिति के अनुसार है।

रायपुर मंडल के नियंत्रण कक्ष और वार रूम से रियल-टाइम मॉनिटरिंग के जरिए ट्रेनों की आवाजाही, भीड़ की स्थिति पर नज़र रखी जा रही है। मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त रेलवे स्टाफ और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है।यात्रियों को पंक्तिबद्ध तरीके से ट्रेनों में प्रवेश कराया जा रहा है ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

## PICTURE-स्टोरी



रायपुर, 25 अक्टूबर। छठ पूजा के लिए बाजार में छठव्रतियों ने पूजा सामग्रियों की खूब खरीदारी की।

# छत्तीसगढ़ में ड्राइवरों का बड़ा चक्काजाम, 3 लाख वाहनों के स्टेयरिंग छोड़ेंगे, हाईवे जाम

## छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन ने की है 10 मांगे

**रायपुर, 25 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में आज, 25 अक्टूबर को एक बड़ा आंदोलन शुरू हो गया है। छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन ने अपनी 10 प्रमुख मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन चक्काजाम की घोषणा की है। संगठन के लगभग 3 लाख ड्राइवर आज से स्टेयरिंग नहीं थामेंगे। इसका मतलब है कि पूरे राज्य में परिवहन व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो जाएगी। ट्रक, बस, टैक्सी और अन्य वाहन सड़कों पर रुक जाएंगे, जिससे हाईवे पर भारी जाम लग सकता है। यह आंदोलन कबीरधाम जिले के कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन के बाद शुरू हुआ है। संगठन ने 25 अक्टूबर तक मांगें पूरी न होने पर हड़ताल की चेतावनी दी थी, जो अब अमल में आ गई है।

ड्राइवरों का कहना है कि सरकार उनकी परेशानियां नहीं समझ रही. खासकर, नेशनल हाईवे 130 सी के डोहेल के पास बड़ी संख्या में ड्राइवर जमा हो गए हैं। वे सड़क पर धरना दे रहे हैं और वाहनों को रोक रहे हैं, इससे माल ढुलाई, यात्री परिवहन और दैनिक जरूरतों की चीजों का आवागमन ठप हो सकता है।




### ये है मांग

ड्राइवर महासंगठन की सबसे बड़ी मांग है छत्तीसगढ़ में सम्पूर्ण शराबबंदी. उनका तर्क है कि शराबबंदी न होने से सड़क हादसे बढ़ते हैं और ड्राइवरों पर गलत इल्जाम लगता है। इसके अलावा, अन्य मांगों में हिट-एंड-रन कानून में बदलाव, ड्राइवरों की सैलरी बढ़ाना, काम के घंटे कम करना, दुर्घटना बीमा की राशि बढ़ाना, अवैध वसूली रोकना, ईंधन पर सब्सिडी, लाइसेंस नवीनीकरण आसान बनाना, रोड टैक्स में छूट और महिलाओं व बच्चों के लिए सुरक्षा उपाय शामिल हैं. संगठन का कहना है कि ये मांगे सालों से लंबित हैं और अब इन्हें पूरा करना जरूरी है।

### आम लोगों को होगी परेशानी

आंदोलन के कारण आम लोगों को भारी परेशानी हो रही है। बाजारों में सब्जी, दूध और अन्य सामान की कमी हो सकती है। स्कूल-कॉलेज के बच्चे, मरीज और मजदूर सब प्रभावित होंगे। कवर्धा यूनिट ने सबसे पहले ज्ञापन दिया था, लेकिन अब यह पूरे प्रदेश में फैल गया है। ड्राइवरों ने कहा, हम विकास का पहिया थाम रहे हैं, ताकि सरकार हमारी सुन सके। अगर मांगें न मानी गई, तो चक्काजाम और तेज होगा।

### स्थानीय प्रशासन कर रहा हाईवे पर ट्रैफिक कंट्रोल की कोशिश

सरकार की ओर से अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन स्थानीय प्रशासन हाईवे पर ट्रैफिक्र कंट्रोल करने की कोशिश कर रहा है। संगठन के नेता ने कहा कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। यह हड़ताल राज्य की अर्थव्यवस्था को झटका दे सकती है, क्योंकि परिवहन ही विकास का आधार है. उम्मीद है कि जल्द ही कोई हल निकले और सामान्य जीवन पटरी पर लौटे

## राज्योत्सव में पांच बॉलीवुड सिंगर के साथ एक हजार छत्तीसगढ़ी कलाकार बिखेरेंगे जादू

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव
छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस

- **समारोह में भजन सिंगर हंसराज रघुवंशी, बॉलीवुड सिंगर भूमि त्रिवेदी, आदित्य नारायण, अंकित तिवारी और अंतिम दिन कैलाश खेर देंगे प्रस्तुति**

**रायपुर, 25 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष में राज्योत्सव को धूम-धाम तरीके से मनाने की तैयारी कर रहा है। राज्योत्सव में हर दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। मुख्य मंच के अतिरिक्त राज्योत्सव स्थल पर बने शिल्प ग्राम में भी करीब 1 हजार छत्तीसगढ़ी कलाकर अपनी अलग-अलग प्रस्तुति देंगे। समारोह में भजन सिंगर हंसराज रघुवंशी, बॉलीवुड सिंगर भूमि त्रिवेदी, आदित्य नारायण, अंकित तिवारी और अंतिम दिन कैलाश खेर अपनी आवाज का जादू बिखरेंगे।

राज्योत्सव का उद्घाटन 1 नवम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। यही वजह है कि प्रधानमंत्री की गरिमा के अनुरुप पूरे कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्वयं राज्योत्सव व प्रधानमंत्री से जुड़े अन्य कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को गंभीरत से कार्य करने की हिदायत दी।

**पीएम के रूट पर सांस्कृतिक दलों की प्रस्तुतिः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अक्टूबर की रात छत्तीसगढ़ आएंगे। उनके स्वागत के लिए राजधानी के चौक-चौराहों को 12 थीम में तैयार किया गया है। हर चौराहे पर एक सांस्कृतिक दल मौजूद रहेगा, जो सरगुजा से लेकर बस्तर तक की पारंपरिक झलक पेश करेगा। इसके अलावा राज्योत्सव स्थल के परिक्रमा पथ पर सांस्कृतिक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

**बिजली के खंभों में तीन रंग की रोशनीः** राज्योत्सव के लिए नवा रायपुर को सजाया जा रहा है। जगह-जगह छत्तीसगढ़ की उपलिब्धयों को दिखाया जाएगा। इसके अलावा बिजली के खंभों को तीन रंग की रोशनी से सजाया जा रहा है, जो कि देखने में तिरंगा जैसा दिखाई देगा।

## कामगारों को कैशलेस चिकित्सा उपलब्ध कराने किए जा रहे प्रयास

**रायपुर, 25 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में कर्मचारियों श्रमिकों तथा कामगारों के परिजनों को कैशलेस आधार पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कर्मचारी बीमा निगम भारत सरकार द्वारा उच्च स्तरीय प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके तहत अस्पतालों का अुबंध के आधार पर विस्तार किया जाएगा। इसमें किडनी,न्यूरोलॉजी, महिला रोग विशेषज्ञ सहित अन्य विशेषज्ञों की नियुक्ति की जाएगी। कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अनुसार भारत सरकार के श्रम मंत्रालय द्वारा स्वायत्तशासित सामाजिक सुरक्षा संगठन है, जो कराबी अधिनियम 1948 के तहत अपने व्याप्त सभी कामगारों व उनके परिजनों को नगद, चिकित्सा एवं अन्य हितलाभ प्रदान करता है। इसी क्रम छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के व्याप्त समस्त क्षेत्रों के हितग्राहियों को कैशलेस आधार पर तृतीयक चिकित्सा सुविधाएं नियमित रूप से प्रदान किया जा रहा है।

राज्य के कामगारों को नेत्र, डायलिसिस, न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, ब्लड बैक सहित अन्य सुविधाएं देने के लिए सभी चिकित्सकों रूचि की अभिव्यक्ति के तहत आवेदन मंगाए जा रहे हैं, इसके लिए बोली दाताओं को आवेदन करना होगा। अस्पताल का कार्य क्षेत्र सभी जिलों में होगा। अनुबंध की अवधि दो वर्ष के लिए होगी। रूचि के अभिव्यक्ति के तहत आवेदन 7 नवंबर तक देना होगा। इस कार्य के लिए रूचि रखने वालों को समस्त दस्तावेज सहित आवेदन देना होगा। केवल ऑनलाईन के दस्तावेजों पर ही विचार किया जाएगा। निगम के क्षेत्रीय निदेशक के अनुसार आवेदनों में केन्द्र और राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्रों में लिया जाएगा।

**राज्यपाल ने सरस्वती शिक्षा संस्थान को प्रदान किए चार ई-रिक्शे :** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज राजभवन में सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर को चार ई-रिक्शे प्रदान किए। उन्होंने राजभवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अपने स्वेच्छानुदान मद से चार ई-रिक्शे की चाबी वाहन चालकों को सौंपी और हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया।

**मनरेगा से बदली किस्मत** / **साय सरकार की योजनाओं से रामफल बने आत्मनिर्भर किसान**

## गौ पालन से बढ़ी आमदनी, पशु शेड बना आजीविका का आधार

**रायपुर, 25 अक्टूबर।** साय सरकार की ग्रामीण विकास उन्मुख नीतियां आज गांवों में आम जनजीवन को नया आयाम दे रही हैं। इन्हीं योजनाओं के माध्यम से कवर्धा जिले के पंडरिया विकासखंड की ग्राम पंचायत चारभाठाखुर्द के गौपालक रामफ्ल की जिंदगी भी बदल गई है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के तहत निर्मित पशुशेड ने उन्हें न केवल स्थायी रोजगार दिया, बल्कि पशुधन की सुरक्षा और आय वृद्धि का मजबूत जरिया भी बन गया।



साय सरकार द्वारा ग्रामीण आजीविका को प्रोत्साहित करते हुए मनरेगा जैसी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से आज कई परिवार आत्मनिर्भर बन रहे हैं। इन्हीं में से एक हैं रामफ्ल, जिन्होंने पहले मजदूरी कर अपना जीवन चलाया था, पर अब गौपालक बनकर सम्मानजनक आय अर्जित कर रहे हैं। पंचायत द्वारा मनरेगा योजना से 68,500 रुपए की स्वीकृति के बाद अक्टूबर 2023 में पशुशेड निर्माण शुरू हुआ और मात्र एक माह में यह कार्य पूरा कर लिया गया।

निर्माण कार्य से न केवल रामफ्ल को 48 मानव दिवस का रोजगार मिला, बल्कि गांव के अन्य परिवारों को भी 12 मानव दिवस तक रोजगार का लाभ मिला। इस कार्य से श्रमिकों को 7,500 रूपए की मजदूरी प्राप्त हुई जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिली।

पक्का एवं हवादार पशुशेड बन जाने से रामफ्ल को अपने पशुधन की पूरी सुरक्षा का भरोसा मिला। अब उनके परिवार को 3,000 से 4,000 रुपये मासिक की आमदनी दूध बेचकर हो रही है, और अपने उपयोग के लिए भी पर्याप्त दूध उपलब्ध है। अतिरिक्त आमदनी से वे अपनी दो एकड़ खेती में उत्पादन बढ़ाने में सफ्ल हो रहे हैं। सरकार की योजनाओं से मिली इस सफ्लता ने उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाया है।

रामफ्ल कहते हैं, साय सरकार की योजनाओं ने हम जैसे ग्रामीणों को नया आत्मविश्वास दिया है। पहले पशुओं को बारिश और सर्दी से बचाना मुश्किल होता था, अब पक्का शेड होने से यह दिक्कत नहीं रही। जिससे हम सुरक्षित और स्थायी आय के साथ आगे बढ़ रहे हैं। गांव के लोग भी मानते हैं कि साय सरकार की जनहितकारी नीतियों ने रोजगार के अवसर बढ़ाए हैं और आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रही है।

प्रवेश पहले आओ पहले पाओ

एनएमडीसी
NMDC RESPONSIBLE MINING

एनएमडीसी सीएसआर प्रायोजित
कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए
आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं

नि:शुल्क पाठ्यक्रम

एनएमडीसी हैदराबाद स्थित केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) में कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए बस्तर के (7) सात जिलों से जनजातीय उम्मीद्वारों (पुरुष) को प्रायोजित कर रहा है।

| क्र.सं. | पात्रता | अवधि | उम्र | कोर्स का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | न्यूनतम 8वीं पास | 6 माह | न्यूनतम 18 वर्ष | 1. Machine Operator – Plastic Processing<br>2. Machine Operator – Injection Molding<br>3. Machine Operator – Blow Molding<br>4. Machine Operator – Plastic Bag<br>5. Machine Operator – Plastic Extrusion<br>6. Machine Operator – Plastic Recycling<br>7. FRP Operator<br>8. Machine Operator – Tool Room<br>9. Machine Operator and Programmer – CNC Lathe<br>10. Machine Operator and Programmer – CNC Milling<br>11. Plastic Mold Manufacturer<br>12. Advanced Plastic Mold Manufacturer<br>13. Machinery Maintenance Technician<br>14. Plastic Product and Mold Designer<br>15. Supervisor – Plastic Material & Product Testing and QC |



प्रवेश पहले आओ पहले पाओ
के आधार पर 27 अक्टूबर 2025 से 15 नवंबर 2025 तक होगा

पात्रता मानदंड और आवेदन जमा करने के लिए:
सुबह : 10.00 से शाम 5.30 तक

दंतेवाडा, सुकमा एवं बीजापुर जिले के लिए:
ऑडिटोरियम हॉल, बीआईओपी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय
बीआईओएम किरन्दुल कॉम्प्लेक्स, एनएमडीसी किरन्दुल
श्री सुखराम गावडे : 8305547737

बस्तर, नारायणपुर, कोण्डागांव एवं कांकेर जिले के लिए:
एनएमडीसी डीएवी प्राइवेट इण्डस्ट्रियल ट्रेनिंग इन्स्टिट्यूट
नगरनार पंचायत भवन के पास, नगरनार जिला - बस्तर
श्री अभिशेक पवार : 9424281754
श्री सचिन तिवारी : 9340136656
श्री विनोद पान्डेय : 8718888144

खुशियां बिखेरते हुए एनएमडीसी

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26